www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | RNI No. - MPHIN/2018/76121

# देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 315 । नर्मदापुरम, गुरुवार 20 फरवरी 2025 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

एक ऐसा शिव मंदिर, जहां शिवलिंग पर चढ़ता है सिंदूर, महाशिवरात्रि पर लगता है मेला — पृष्ठ 2

- उर्दू पर संकीर्ण सोच
- डोनाल्ड ट्रम्प के नाटो से दूरी बनाने के बाद यूरोप की परीक्षा की घड़ी — पृष्ठ 4

- 26 को लगेगा मेला, कलेक्टर-एसपी ने देखीं व्यवस्थाएं, जनप्रतिनिधियों से की चर्चा — पृष्ठ 6

क्षत्रिय मराठा समाज ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती — पृष्ठ 7

नक्सल विरोधी अभियान में पुलिस को मिली एक और सफलता

# मुठभेड़ में 3 महिला नक्सली सहित 4 ढेर



**बालाघाट, देशबन्धु।** पुलिस ने आज मुठभेड़ में 3 महिलाओं सहित 4 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बालाघाट जिले में गढ़ी थाना क्षेत्र के रौंदा जंगल में हुई इस मुठभेड़ में नक्सलियों से कई हथियार और अन्य सामग्री भी बरामद की गई हैं। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है.

जानकारी के अनुसार पुलिस और हॉक फोर्स के जवान रौंदा के घने जंगलों में सर्चिंग कर रहे थे. अचानक, नक्सलियों ने घात लगाकर पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी. जवानों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 4 नक्सली मारे गए। इन नक्सलियों के पास से एक इंसास राइफल, एक एसएलआर राइफल और एक 303 राइफल के अलावा दैनिक उपयोग की अन्य सामग्री जप्त की गई है।

मुठभेड़ के दौरान अन्य नक्सली भी घायल हुए, हालांकि ये घने जंगल में से भाग गए। घायल नक्सलियों की तलाश के लिए पुलिस ने जंगल में व्यापक सर्च ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने इस ऑपरेशन में हॉक फोर्स, कोबरा, कमांडो और जिला बल की टीमों को शामिल किया। कुल मिलाकर 12 से अधिक टीमों द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा, ताकि भागे हुए नक्सलियों को पकड़ा जा सके।


मुख्यमंत्री ने पुलिस को दी बधाई, कहा-

## नक्सलवाद और हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नक्सलियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान में बालाघाट में मिली सफलता के लिए म.प्र. पुलिस को बधाई दी है। डॉ. यादव ने बताया कि बालाघाट जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में नक्सली मारे गए है। तलाशी अभियान के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद जब्त किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद और हिंसक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। बाकी बचे नक्सलियों को पुलिस माकूल जवाब दे रही है। उन्होंने सफल अभियान के लिए म.प्र. पुलिस की सराहना की और जवानों का मनोबल बढ़ाया। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य पुलिस इन पर अंकुश लगाने के लिए पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रही है। डॉ. यादव ने कहा कि राज्य में कहीं भी नक्सल गतिविधियां संचालित न हो, इसके लिए पूरी सतर्कता बरती जा रही है।

दुग्ध उत्पादन क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि

## मप्र दुग्ध संघ और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य 25 को होगा सहकारिता अनुबंध





केंद्रीय गृह मंत्री और मुख्यमंत्री रहेंगे उपस्थित

**भोपाल, देशबन्धु।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में 25 फरवरी को एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड एवं संबद्ध दुग्ध संघों और राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के मध्य सहकार्यता अनुबंध का निष्पादन किया जाएगा। दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में प्रदेश सरकार की यह बड़ी उपलब्धि होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों की आय दोगुनी करने एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अत्यंत महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस अनुबंध की अवधि 5 वर्ष होगी, जिसका आपसी सहमति से विस्तार किया जा सकेगा। इसके तहत मुख्य रूप से प्रत्येक ग्राम पंचायत में कलेक्शन सेन्टर स्थापित किए जाएंगे, दुग्ध संघों की प्रोसेसिंग क्षमता में वृद्धि की जायेगी और दुग्ध समितियों की संख्या बढ़ाई जायेगी। इन सबके परिणाम स्वरूप दुग्ध उत्पादकों की आय में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

## पाकिस्तान में बस से उतार कर 7 की हत्या

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में अज्ञात हमलावरों ने लाहौर जा रही एक बस में सात यात्रियों की हत्या कर दी। हमला बरखान जिले में हुआ। अफगानिस्तान और ईरान की सीमा से लगा बलूचिस्तान प्रांत अलगाववादी विद्रोहियों और पाकिस्तान की दशकों पुरानी लड़ाई का युद्धक्षेत्र बना हुआ है। अगलगाववादी अधिक स्वायत्तता और क्षेत्र के प्राकृतिक संसाधनों में हिस्सा चाहते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी डिप्टी कमिश्नर वकार खुर्शीद आलम ने बताया कि करीब 40 हथियारबंद लोगों के समूह ने कई बसों और वाहनों को रोका।

## झारखंड के गिरिडीह में भीषण सड़क हादसे में 6 की मौत

**गिरिडीह, एजेंसी।** झारखंड के गिरिडीह जिले के मधुबन थाना क्षेत्र में एक स्कॉर्पियो और बाइक के बीच आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। गिरिडीह-डुमरी रोड पर यह हादसा मंगलवार देर रात हुआ, लेकिन इसकी जानकारी लोगों को बुधवार को हुई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने घटनास्थल से शवों को बरामद किया।

### त्रुटि सुधार

देशबन्धु पत्र के 19 फरवरी 2025 के अंक में प्रकाशित शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव के विज्ञापनों में त्रुटिवश शिवाजी जयंती के स्थान पर पुण्यतिथि का प्रकाशन हो गया है, जिसका हमें खेद है और विज्ञापनदाताओं के लिए उक्त विज्ञापन सुधार के साथ 20 फरवरी के अंक में पुन: प्रकाशित किए जा रहे हैं।

**– व्यवास्थापक**

भाजपा विधायक दल ने नाम पर लगाई मुहर

# रेखा गुप्ता होंगी दिल्ली की मुख्यमंत्री





- प्रवेश वर्मा को मिलेगी उप-मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी
- रोहिणी से जीते विजेंद्र गुप्ता विधानसभा स्पीकर होंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली को नया मुख्यमंत्री मिल गया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता के नाम पर मुहर लगी है। नई सरकार में सीएम की रेस में आगे चल रहे प्रवेश वर्मा उप-मुख्यमंत्री होंगे। वहीं रोहिणी से विधायक विजेंद्र गुप्ता दिल्ली विधानसभा के स्पीकर होंगे। रेखा गुप्ता और वर्मा बुधवार को साढ़े बारह बजे रामलीला मैदान में भव्य समारोह में शपथ लेंगे। उनके साथ मंत्रिमंडल का भी शपथ होगा। बीजेपी आलाकमान ने विधायक दल की बैठक के लिए वरिष्ठ नेता ओपी धनखड़ और रविशंकर प्रसाद को पर्यवेक्षक नियुक्त किया था।

दिल्ली में बीजेपी ने 26 साल बाद बड़ी जीत हासिल की है. आठ फरवरी को आए नतीजे में बीजेपी को 70 में 48 सीटें मिली। नतीजों के 11 दिनों बाद सीएम के नाम का ऐलान हुआ है। देरी को लेकर विपक्षी आम आदमी पार्टी (आप) लगातार सवाल उठा रही थी।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने की बैठक, नेताओं को दो टूक

# चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे महासचिव व प्रभारी

- जमीनी स्तर पर काम करने को कहा
- संगठन में कुछ और बदलावों का भी संकेत




पार्टी की विचारधारा को समर्पित ऐसे लोगों को आगे बढ़ाया जाना चाहिए जो विपरीत माहौल में भी चट्टान की तरह पार्टी के साथ खड़े हैं: मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी के भीतर जवाबदेही की जरूरत पर जोर देते हुए बुधवार को शीर्ष पार्टी नेताओं को सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सभी महासचिव और प्रभारी अपने प्रभार वाले राज्यों में संगठन व चुनाव परिणामों के लिए जवाबदेह होंगे। दरअसल, खरगे ने बुधवार को पार्टी महासचिवों और प्रदेश प्रभारियों की एक अहम बैठक की। इसमें नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति के मुद्दे का भी जिक्र किया गया। खरगे ने कहा कि चयन समिति से प्रधान न्यायाधीश को बाहर करने से साफ है कि सरकार को उनकी निष्पक्षता पर भी भरोसा नहीं है।

उन्होंने मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी को लेकर कहा कि इस चुनौती से निपटना होगा। खरगे ने पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि कई बार पार्टी की मजबूती के लिए जल्दबाजी में कई लोगों को शामिल कर लिया जाता है, लेकिन विचारधारा में कमजोर लोग मुश्किल समय में भाग खड़े होते हैं। 'असल फिसल पड़े और नकल चल पड़े' यह पुरानी कहावत है, ऐसे लोगों से हम दूर रहें। आपको ऐसे लोगों को लाना चाहिए, जो वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध हों और जो मुश्किल समय में पार्टी के पीछे चट्टान की तरह खड़े रहें।

## आपदा प्रभावित 5 राज्यों के लिए साढ़े 15 सौ करोड़ से अधिक मंजूर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में उच्च-स्तरीय समिति ने वर्ष 2024 के दौरान बाढ़, आकस्मिक बाढ़, भूस्खलन, चक्रवाती तूफान से प्रभावित पांच राज्यों को राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से 1554.99 करोड़ रूपए की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को बुधवार मंजूरी दी।

गृह मंत्रालय ने कहा है कि केंद्र सरकार का यह कदम प्राकृतिक आपदाओं का सामना करने वाले इन पांच राज्यों के लोगों की मदद करने के संकल्प को दर्शाता है। उच्च-स्तरीय समिति ने पांच राज्यों को 1554.99 करोड़ रुपए की केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है जो वर्ष के लिए राज्य आपदा मोचन कोष में उपलब्ध प्रारंभिक शेष राशि के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है।

मुंबई एयरपोर्ट पर विदेशी महिला गिरफ्तार

## महिला के पेट से निकले साढ़े 5 करोड़ के कोकीन से भरे कैप्सूल

**मुंबई, एजेंसी।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने मुंबई एयरपोर्ट पर एक कांगो नागरिक (महिला) को भारत में कोकीन की तस्करी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। कोकीन को कैप्सूल्स के रूप में तस्करी करके लाया जा रहा था, जिन्हें महिला यात्री ने निगल लिया था। यात्री को अस्पताल में भर्ती कराया गया और कैप्सूल्स में मौजूद कोकीन को निकाला गया। डीआरआई अधिकारियों को कोकिन की तस्करी की गुप्त जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर अधिकारियों ने किंशासा से मुंबई एयरपोर्ट पर पहुंची महिला को रोका। पूछताछ में यात्री ने भारत में तस्करी के लिए मादक पदार्थों से युक्त कैप्सूल खाने की बात स्वीकार की।

मुख्यमंत्री ने उमरिया में किसानों के हित में की घोषणा

# धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि दी जाएगी





अटल जी की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार धान उत्पादक किसानों को 2000 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से उनके बैंक खाते में अंतरित करेगी। इसका लाभ छोटे किसानों को भी मिलेगा। किसानों के हित में प्रदेश सरकार ने पहले कोदो-कुटकी के उत्पादन पर प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया। गेहूं उत्पादक किसानों से भी 2600 रुपए प्रति क्विंटल उपज खरीदी जाएगी। दुग्ध उत्पादक किसानों से सरकार दूध खरीदेगी और उन्हें बोनस भी देगी। किसानों को सोलर पंप देकर उन्हें बिजली के बिल से भी मुक्ति दिलाई जायेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को उमरिया जिले के नौरोजाबाद में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया एवं विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन किया। उन्होंने घोषणा की कि उमरिया में सोन नदी पर 45 करोड़ रुपए की लागत से नए पुल का निर्माण होगा। एक अन्य पुल भी 32 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हर नगरीय निकाय में गीता भवन बनाए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि अटलजी का व्यक्तित्व काफी विराट था। इस वर्ष उनकी जन्मशताब्दी मनाई जा रही है। देश में पहली बार गांव-गरीब के बारे में किसी ने सोचा तो वे श्रद्धेय वाजपेयी जी थे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से आज गांवों में आवागमन सुगम हुआ है। गांवों को विकास और शहरों से जोड़ने वाले पहले व्यक्ति भारत रत्न अटलजी ही थे, जिनके सामने संसद में पक्ष-विपक्ष के सभी नेता नतमस्तक रहते थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संकल्प लिया है कि अब 250 की आबादी वाले गांवों में भी सड़कें बनाई जाएंगी। गरीबों को पक्का मकान देने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में आनंद होना चाहिए।

### उमरिया अंचल के लिए की महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर उमरिया जिले के ग्राम पौड़ी में 600 मेगावॉट की ताप विद्युत परियोजना की इकाई स्थापित करने, बांधवगढ़ में टाइगर रिजर्व के बाहर जू का निर्माण, बिलासपुर में कॉलेज निर्माण और भगवान विष्णु के धाम टकटई को 4 स्थानों से जोड़कर पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने और उमरिया में हॉकी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए एस्ट्रो टर्फ बनाने की घोषणा की।









## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

### अखिल भारतीय अजा युवजन समाज की जिला कार्यकारिणी गठित



**इटारसी, देशबन्धु।** अखिल भारतीय अनुसूचित जाति युवजन समाज की जिला कार्यकारिणी का गठन आज शाम यहां पुरानी इटारसी स्थित संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप मैना एवं संगठन मंत्री महेश धूरिया की उपस्थिति में किया गया। संगठन में जिलाध्यक्ष पुनीत गौहर, उपाध्यक्ष मुकेश सारवान, महामंत्री विशाल डागर, संगठन मंत्री दिनेश कंडारे, मंत्री विमलेश बहोत्रा, नर्मदापुरम संभाग अध्यक्ष दीपक चौहान, महामंत्री विजेन्द्र राठौर, संगठन मंत्री मनोज मैना, प्रदेश प्रवक्ता यतीश बस्तवार और जिला प्रवक्ता योगेश भेरूआ को बनाया गया है।

### आज शहर के इन क्षेत्रों में 1 से दो घंटे तक बंद रहेगी बिजली

**इटारसी, देशबन्धु।** 20 फरवरी, गुरुवार को पीपल मोहल्ला उपकेंद्र से संचालित 11 केवी टाउन फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक एवं 11 केवी सूरजगंज फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 10.30 से 11 एवं दोपहर 12.30 से 1 बजे तक डीटीआर संबंधी कार्य के कारण बंद रहेंगे। इस दौरान संपूर्ण मार्केट एरिया, नेहरूगंज, पीपल मोहल्ला , सूरजगंज, लाइन एरिया, देशबंधु पूरा का क्षेत्र प्रभावित रहेगा। कार्य के दौरान समय को घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 28 तक रहेगी निरस्त

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनिक कारणों से रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया है जिसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एवं दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेनें प्रभावित रहेगी। गाड़ी संख्या 12791/12792 सिकंदराबाद-दानापुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में 19 से 28 फरवरी तक निरस्त रहेगी। यह ट्रेन पश्चिम मध्य रेलवे के इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों से होकर गुजरती है। गाड़ी संख्या 15559 दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस 19 फरवरीको अनिर्धारित रूट वाया छपरा-बनारस-प्रयागराज-सतना-कटनी मुड़वारा-बीना की बजाय परिवर्तित मार्ग वाया छपरा-गोरखपुर-बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी।

### भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार जो उन्होंने झुग्गी निवासियों को सम्मान दिया : खंडेलवाल

**इटारसी, देशबन्धु।** तीन दशक के अंतराल में भारत की राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार चुनी गई। सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के झुग्गी वासियों को शामिल कर पार्टी ने सबका साथ सबका विकास का नारा सार्थक किया है।

भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश संयोजक अखिलेश खंडेलवाल ने शीर्ष नेतृत्व और दिल्ली प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए इसे अंतिम पंक्ति के व्यक्तियों का सम्मान बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा का अंत्योदय का मार्ग इन्हीं झुग्गियों में दिखाई देता है। भाजपा सरकार इनके उत्थान के लिए निरंतर कृतसंकल्पित है। ज्ञातव्य है कि दिल्ली सरकार के शपथ ग्रहण में दिल्ली के झुग्गी बस्तियों के निवासियों को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने केजरीवाल के झूठे प्रपंच को तोड़कर विकास करने वाली पार्टी भाजपा को चुना है। आने वाले समय में सरकार की योजनाओं से वो लाभान्वित होंगे। समस्या मुक्त सुविधा युक्त बस्तियों का मार्ग प्रशस्त होगा।

### सुशील कुमार साहू का निधन


**बैतूल, देशबन्धु।** नगर के कालापाठा स्थित सुयोग कॉलोनी निवासी एवं तनवी ऑटोमोबाइल्स चिचोली (बजाज सब-डीलर) के संचालक सुशील कुमार साहू का बुधवार, 19 फरवरी को असामयिक निधन हो गया। वे 48 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में गहरा शोक है। वे अपने पीछे माता-पिता पुष्पा-किशनलाल साहू, बड़े भाई सुधीर साहू, पत्नी तनवी साहू और 5 वर्षीय बेटे आदित्य साहू को छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार, 20 फरवरी को सुबह 9-30 बजे सुयोग कॉलोनी स्थित निवास से निकलेगी और नगर के गंज मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# एक ऐसा शिव मंदिर, जहां शिवलिंग पर चढ़ता है सिंदूर, महाशिवरात्रि पर लगता है मेला

## ● आदिवासी समुदाय करता है बड़ादेव की पूजा ● मेले में मिलते हैं परंपरागत सामान

**इटारसी, देशबन्धु।** आमतौर पर सिंदूर का पूजा से संबंध हनुमानजी से है। भगवान बजरंगबली को सिंदूर का लेप करके चोला चढ़ाया जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मध्यप्रदेश के नर्मदापुरम जिले में एक ऐसा शिव मंदिर भी है, जहां शिवलिंग पर सिंदूर चढ़ाया जाता है? हम आपको बताते हैं, वह स्थान सतपुड़ा पर्वत श्रंखला की तिलक सिंदूर नामक पहाड़ी पर है, जहां आदिवासियों के बड़ादेव भगवान महादेव का गुफा मंदिर है। महाशिवरात्रि पर यहां तीन दिनी मेला आयोजित किया जाता है, जिसका संचालन जनपद पंचायत केसला द्वारा आदिवासियों की समिति के सहयोग से किया जाता है।

मध्यप्रदेश के प्रमुख रेल जंक्शन इटारसी से 18 किलोमीटर की दूरी पर तिलक सिंदूर मंदिर है, जहां गुफा मंदिर में स्थित शिवलिंग सतपुड़ा की पहाड़ी पर गुफा में विराजमान है। यह अब न सिर्फ धार्मिक बल्कि व्यवस्थाएं जुटा देने से पर्यटक स्थल भी बन रहा है। यहां दूर-दूर से श्रद्धालु और पर्यटक अभिषेक पूजा अर्चना करने और सैर-



सपाटा के लिए भी पहुंचते हैं। इस वर्ष महाशिवरात्रि पर यहां 25 फरवरी से 27 फरवरी तक बड़ा मेला लगने वाला है। महाशिवरात्रि को लगने वाला मेले को लेकर एसडीएम आईएएस टी प्रतीक राय ने निरीक्षण किया और मेले के लिए विभागों को अपनी-अपनी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

**मंदिर की खास बातें**-इटारसी तहसील में स्थित तिलक सिंदूर मंदिर में भगवान शिव को सिंदूर चढ़ाया जाता है। इस मंदिर को तिलक सिंदूर मंदिर इसलिए कहा जाता है क्योंकि यहां आदिवासी परंपरानुसार भगवान शिव का सिंदूर से अभिषेक किया जाता है, क्योंकि इस मंदिर का संबंध गौड़ जनजाति से है। यहां आदिवासी पूजा-अर्चना के दौरान सिंदूर का इस्तेमाल करते हैं। पहली पूजा का अधिकार आदिवासी समाज के प्रधान, जिन्हें भौमका कहा जाता है, उनके परिवार को ही है। माना जाता है कि यहां शिवजी को सिंदूर चढ़ाने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। यहां से बहने वाली हंसगंगा नदी में भक्त नहाकर भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं।

**आदिवासियों के बड़ादेव हैं शिव**- तिलक सिंदूर मंदिर का संबंध गौड़ जनजाति से है और आदिवासी पूजा अर्चना के दौरान सिंदूर का उपयोग करते हैं। आज भी यहां पर प्रथम पूजा का अधिकारी आदिवासी समाज के प्रधान जिसे भौमका कहा जाता है उनके परिवार को है। आदिवासी समुदाय भगवान भोलेनाथ को बड़े देव के नाम से पूजता है। तिलक सिंदूर में भोलेनाथ जहां विराजमान हैं, वहां पर 15 आदिवासी गांवों का श्मशान भी है। पौराणिक मान्यता अनुसार जब भस्मासुर भगवान भोलेनाथ को भस्म करने उनका पीछा कर रहे थे, तो भगवान यहां की कंदराओं में छिपे थे और यहीं से ही पचमढ़ी के निकट जम्बूद्वीप गुफा पर निकले थे।

**गौंड राजाओं ने की थी स्थापना**- माना जाता है कि सतपुड़ा की पहाड़ियों पर एक समय में पचमढ़ी से टिमरनी, हरदा के बीच गौंड राजाओं का राज्य हुआ करता था। इन राजाओं ने ही तिलक सिंदूर में शिवालय की स्थापना की थी। गौंड जनजाति बड़े देव को मानते हैं, इसलिए तिलक सिंदूर में भगवान शिव को बड़े देव भी कहा जाता है। बिहार में नेपाल की बार्डर पर रहने वाले कालिकानंद ब्रम्हाचारी जिन्हें यहां बम बम बाबा कहते थे, उन्होंने यहां पर साधना की थी। वे यहां तांत्रिक साधनाएं करते थे। उनका कहना था कि भवानी अष्टक में तिलक वन का जो जिक्र है वह तिलक सिंदूर ही है। बम-बम बाबा के देहावसान के बाद यहां उनकी समाधि बनी है।

**ऐसे पहुंचे तिलक सिंदूर**- इटारसी से 16 किमी पर तिलक सिंदूर धाम है। इटारसी से धरमकुंडी जाने वाले मार्ग पर 12 किलोमीटर पर जमानी गांव है। यहां से दक्षिण दिशा में 8 किलोमीटर सतपुड़ा पर्वत के घने जंगलों में तिलक सिंदूर धाम है। यहां पर हंसगंगा नदी बहती है। तिलक सिंदूर मंदिर में जनपद पंचायत केसला द्वारा महाशिवरात्रि पर मेला आयोजित किया जाता है। जमानी से तिलक सिंदूर तक पूरे मार्ग में इस दिन फलाहारी भोज्य का भंडारा किया जाता है। लाखों भक्त 3 दिन यहां भगवान का दर्शन, पूजन-अर्चन करते हैं। प्रशासन की बड़ी टीम यहां सुरक्षा और व्यवस्था देखती है, जिनका सहयोग आदिवासी युवाओं की टीम करती है।

### एसडीएम ने लगाई मंडी कर्मियों की क्लास, दो कर्मचारी करेंगे परिसर की नियमित निगरानी

**इटारसी, देशबन्धु।** अब कृषि उपज मंडी में तुलाई के दौरान दो कर्मचारी नियमित रूप से निगरानी करेंगे ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। यह निर्णय सोमवार को एसडीएम टी प्रतीक राव की मौजूदगी में हुई बैठक के दौरान लिया गया। एसडीएमटी प्रतीक राव की मौजूदगी में सोमवार को कृषि उपज मंडी में बैठक आयोजित की गई जिसमें तकनीकी शाखा और मंडी के समस्त कर्मचारी मौजूद थे। बैठक के दौरान एसडीएम ने मंडी परिसर में नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। मंडी सचिव अरविंद परिहार ने बताया कि बैठक में हुए निर्णय के अनुसार अब जुलाई के दौरान मंडी के दो कर्मचारी नियमित रूप से मौजूद रहेंगे ताकि किसानों को किसी प्रकार से परेशानी न हो वहीं अब कोई भी कर्मचारी बिना वर्दी के कार्यालय में उपस्थित नहीं होगा, सभी कर्मचारियों को नियमित रूप से वर्दी में आना अनिवार्य है।

मंडी गेट स्थित एकमात्र पार्क की विगत कई वर्षों से साफ सफाई नहीं होने कारण पार्क बदहाल स्थिति में था। नवागत मंडी सचिव अरविंद परिहार के कार्यभार संभालते ही उन्होंने तत्काल पार्क की दशा सुधारने की ठानी और सफाई कर्मियों की मदद से पार्क को एक नया रूप दे दिया ,पहले जो पार्क कचरे के घर के रूप में तब्दील हो गया था आज वह फिर से गुलजार हो उठा।

### सनाढ्य ब्राह्मण महिला सभा की मासिक बैठक में मिलन समारोह मनाने पर चर्चा हुई



**इटारसी, देशबन्धु।** सनाढ्य ब्राह्मण महिला सभा की मासिक बैठक सभा की संरक्षक कल्पना पाराशर की अध्यक्षता में शोभना शर्मा के आवास पर संपन्न हुई। बैठक में मिलन समारोह कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा हुई जिसमें सचिव नेहा बुधौलिया, ज्योति शर्मा, मंगला ढिमोले, विजयलक्ष्मी मिश्रा, ब्रजलता रावत, विनीता शर्मा, मीनू पाराशर ने अपने विचार कर रखकर मिलन समारोह को अविस्मरणीय बनाने की बात कही। इस अवसर पर पर सभा की सदस्याओं के द्वारा मधुर भजनों की सुमधुर प्रस्तुतियां भी दी गई। बैठक का संचालन सभा अध्यक्ष संगीता शर्मा ने किया एवं आभार शोभना शर्मा ने माना।

## शिवाजी जयंती पर लोनारी कुनबी समाज ने निकाली शोभायात्रा

### जिला चिकित्सालय में अंकुरित आहार वितरण

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज संगठन बैतूल के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सुबह जिला चिकित्सालय में अंकुरित आहार वितरण किया गया। इसके बाद शिवाजी सांस्कृतिक भवन से भव्य रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया। शिवाजी जयंती के उपलक्ष्य में भव्य झांकी भी निकाली गई, जो शहरभर में आकर्षण का केंद्र रही। मार्ग में विभिन्न महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरांत गणमान्य नागरिकों ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। शिवाजी ऑडिटोरियम में आयोजित विशाल जनसभा में नगर पालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर ने अध्यक्षता की, जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हेमंत खंडेलवाल थे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार, पूर्व भाजपा अध्यक्ष बसंत माकोड़े, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र देशमुख, पूर्व जिला उपाध्यक्ष नरेश फाटे, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र कुंभारे, उर्मिला गव्हाडे, सैनिक समिति के पंढरी डांगे, जिला अध्यक्ष दिनेश मस्की, सेवा संगठन के अध्यक्ष मुन्ना मानकर, महिला संगठन अध्यक्ष सिद्धलता महाले, डॉ. प्रताप देशमुख, पी.आर. मगरदे, एस.वाई. पानसे, दैनिक मत के संपादक बलवंत धोटे सहित



कई स्थानीय पार्षदगण उपस्थित रहे। विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शिवाजी महाराज के आदर्शों को जीवन में अपनाने पर जोर दिया, वहीं भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पवार ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। जिला सचिव प्रवीण ठाकरे व समिति के अन्य सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया। छत्रपति शिवाजी विद्या मंदिर की बालिकाओं ने स्वागत गीत और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश मस्की, प्रवीण ठाकरे, नामदेव बारस्कर, रविशंकर पारखे, सुरेश गायकवाड़, नारायण चढ़ोकार, व्ही.आर. बारस्कर और कैलाश ठाकरे का विशेष योगदान रहा।

## सिविल अस्पताल की व्यवस्था सुधारने निकाली न्याय यात्रा

### शुरू किया पोस्टकार्ड अभियान

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष गजानन्द तिवारी के नेतृत्व में कांग्रेस के सदस्यों ने बाजार क्षेत्र में न्याय यात्रा निकालकर पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की। अभियान का शुभारंभ मध्यप्रदेश विधान सभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया था। आज इटारसी में बड़ी संख्या में मुख्यमंत्री के नाम आम जनता से पोस्टकार्ड भरवाए गए। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय अस्पताल की बदहाल स्थिति से पोस्टकार्ड के माध्यम से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। यंग ब्रिगेड प्रदेश अध्यक्ष गजानन्द तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग विगत 6 सालों से कर रहे हैं, लेकिन शासन प्रशासन ने हमेशा झूठा आश्वासन दिया है। अब पोस्टकार्ड अभियान और इटारसी न्याय



यात्रा में व्यापारियों का भी सहयोग मिला है। व्यापारियों ने माला पहनाकर स्वागत किया और पोस्ट कार्ड भी दिए। गजानंद तिवारी ने कहा कि इटारसी की जनता के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आज हमने इटारसी न्याय यात्रा निकाली एवं समस्त कांग्रेसजनों ने बाजार में पहुंचकर हर व्यापारी दुकानदार एवं आम जनमानस से मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड भरवाए। जब तक संपूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएं पूर्ण नहीं हो जाती, एमडी डॉक्टर, आर्थोपेडिक सर्जन, ईएनटी स्पेशलिस्ट और सभी जांच उपकरण सहित पैरामेडिकल स्टाफ और अस्पताल से रेफर होना बंद नहीं होता, हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक हम आंदोलन करते रहेंगे। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मयूर जायसवाल, महासचिव राजकुमार केलू उपाध्याय, यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष शुभम वालिया, महिला सेवादल जिलाध्यक्ष नेहा चावरे, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज राठौर, पार्षद धर्मदास मिहानी, दिलीप गोस्वामी, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र सिंह तोमर, अजय शुक्ला, श्रीमती साधना सहगल, युवक कांग्रेस प्रवक्ता गुफरान अंसारी, जिला प्रवक्ता अनिल रैकवार, ओम सेन, राम शंकर सोनकर, धर्मेन्द्र मालवी, नवल पटेल, राकेश चंदेल, कन्हैया गोस्वामी, गुड्डु गोस्वामी, चिम्पू भाटिया, राहुल दुबे, गौतम मैना सहित बड़ी संख्या में यंग ब्रिगेड के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एमजीएम कॉलेज में स्नातक डिग्री के बाद उपलब्ध कॅरियर विकल्प बताये



**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोतर महाविद्यालय में प्राचार्य डा राकेश मेहता के अध्यक्षता में कैरियर मार्ग दर्शन कार्यक्रम में बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस स्ट्डीज, भोपाल से आए फैकल्टी डॉ. संजय मैथ्यू ने विद्यार्थियों को स्नातक डिग्री के उपरांत उपलब्ध विभिन्न कैरियर विकल्प के बारे में विस्तार से समझाया तथा तैयारी अभी से करने हेतु प्रेरित किया। डॉ. संजय ने एमबीए पाठ्यक्रम की उपयोगिता, प्लेसमेंट की संभावना तथा सैलरी पैकेज से संबंधित छात्र छात्राओं के जिज्ञासाओं का समाधान किया। सिविल सर्विसेज का महत्वाकांक्षा रखने वाले छात्र छात्राओं से प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि विद्यार्थी इसे सेवा के भावना से लें और अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन करने हेतु प्रयत्न करें। इसके साथ ही उन्हें अपना प्लान बी का विकल्प भी तैयार रखना चाहिए जिससे उनका आत्म विश्वास बढ़ेगा और मानसिक तनाव कम होगा। स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्ग दर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. पीके अग्रवाल ने कहा कि यह मार्गदर्शन कार्यक्रम दोनों संस्थाओं के मध्य हस्ताक्षरित एमओयू के तहत आयोजित है। इस अवसर पर बीएसएसएस इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस स्ट्डीज भोपाल के द्वारा प्राचार्य डॉ. मेहता को स्मृतिचिन्ह भेंट कर डॉ. मैथ्यू ने सम्मानित किया। इस मार्गदर्शन कार्यक्रम में 60 विद्यार्थियों ने विशेष रुचि दिखाकर सहभागिता किया।

## अमरावती और छिंदवाड़ा में भारतीय वायुसेना का आईपीईवीं अभियान कल से

**आमला, देशबन्धु।** भारतीय वायुसेना 21 से 23 फ़रवरी तक प्रो. राम मेघे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और पीआर पोटे पाटिल कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एंड मैनेजमेंट अमरावती में प्रेरण प्रचार प्रदर्शनी वाहन (आईपीईबी ) अभियान चलाएगी। आईपीईवीं टीम इसके बाद 27 फ़रवरी से 1मार्च तक पीएम कॉलेज एक्सीलेंस और गर्वमेंट ऑटोनामस पीजी कॉलेज, छिंदवाड़ा का दौरा करेगी। इस पहल का उद्देश्य युवाओं कों भारतीय वायुसेना में प्रतिष्ठित और सम्मानजनक कैरियर कैसे लिए प्रेरित करना और मार्गदर्शन करना है। युवाओं कों जोड़ने के लिए डिजाइन किया गया।यह अभियान भारतीय वायुसेना में राष्ट्र की सेवा से जुड़े अवसरों, जिम्मेदारियों और गौरव कों उजागर करता है। आकर्षक प्रदर्शनियों प्रेरक सत्रो और कैरियर मार्गदर्शन के माध्यम से आई पी ई वीं अभियान वायुसेना के भीतर समृद्ध विरासत,आधुनिक क्षमताओ और गतिशील कैरियर के रास्तो के बारे बहुमूल्य जानकारी प्रदान करती है।छात्रों और युवा पेशेवरो कों भारतीय वायुसेना के अधिकारियो से साहस और प्रतिबद्धता के वास्तविक जीवन के अनुभव सुनने, भर्ती प्रक्रिया और कैरियर मार्गो में मूल्यांवान अंतदृष्ठी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। महिलाओं कों सशक्त बनाने, उन्हें वायुसेना में एक संतोषजनक कैरियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त वायुसेना कर्मियों के साथ एक लाईव प्रश्नोंत्तर सत्र, उम्मीदवारो की चयन प्रक्रियाओ, कैरियर विकास और भारतीय वायुसेना में जीवन के बारे में स्पष्टता प्रदान करेगा। युवाओं कों इस असाधारण अवसर का लाभ उठाने के प्रोत्साहित किया जाता है। क्योंकि भारतीय वायुसेना में शामिल होना महज एक विकल्प नहीं है, बल्कि यह गर्व, समर्पण और निष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा का आह्वावान है।

# आरपीजीएस बनी विधायक ट्राफी की चैंपियन: अमन कहार बने मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज

### खेलों के लिए पैसों की कमी नहीं होने देंगे- ठाकुर विजयपाल

**सोहागपुर, देशबन्धु।** नगर में प्रतिभाओं की भरमार है खेल के हर क्षेत्र में सुहागपुर नगर के खिलाड़ी है हॉकी क्रिकेट बैडमिंटन फुटबॉल दंगल कबड्डी सभी प्रकार के शानदार आयोजन नगर में होते है। यह बात क्षेत्र के विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने मुख्य अतिथि के तौर पर अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों से कहीं।

विधायक ने कहा कि खेलों के लिए कभी भी पैसों की कमी नहीं होने देंगे और प्रति माह ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। वह पूरी विधानसभा के प्रत्येक ग्राम स्तर से लेकर नगर में होने वाली विभिन्न प्रतियोगिता में पहुंचते हैं और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हैं। शीघ्र ही नगर में स्टेडियम बनेगा, जमीन की तलाश की जा रही है। साथ ही सीएम राइस का खेल मैदान भी इस वर्ष तैयार हो जाएगा। विधायक विजयपाल सिंह ने इस टूर्नामेंट के आयोजक रामप्रसाद वार्ड के पार्षद आशीष विश्वकर्मा से कहा कि इस राशि को अगले वर्ष 75000 प्रथम इनाम और द्वितीय 50000 कर दें जो जरूरत होगी वह पूरा कर देंगे इस दौरान आयोजन समिति द्वारा विधायक विजयपाल सिंह का क्षेत्र विकास और खेलों में योगदान के लिए अभिनंदन किया गया भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला ने कहा कि आयोजन समिति को बहुत-बहुत शुभकामनाएं जिन्होंने ऐसा शानदार आयोजन किया है हम सबके जीवन में खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे हमारा सबका शारीरिक आत्मिक मानसिक विकास होता है और जीवन जीने के लिए यह तीनों चीज बहुत आवश्यक है। रामप्रसाद वार्ड के पार्षद वा इस प्रतियोगिता के आयोजक आशीष विश्वकर्मा ने समस्त दर्शकों और अतिथियों का आभार प्रदर्शन करते हुए अगले वर्ष और भव्य रूप से यह प्रतियोगिता आयोजित करने की बात कही। पिछले 14 दिन से



लगातार चलने वाला टेनिस बॉल एसपीएल विधायक कप 2 का फाइनल मुकाबला हजारों की संख्या में दर्शको की मौजूदगी में आरपीजीएस और पाकीजा 11 के मध्य रेलवे ग्राउंड पर खेला गया। आरपीजीएस ने 40 रन से पाकीजा 11 को 59 रन से हराकर यह टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। आरपीजीएस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, आरपीजीएस टीम के कप्तान अमन ने तूफानी पारी खेलते हुए 19 बॉल पर 67 रन,हिमांशु 31 और विवेक की 7 बॉल पर विस्फोटक 37 रनों की बदोलत 12 ओवर में 201 का विशाल लक्ष्य पाकीजा 11 को दिया। वही पाकीजा 11 ने रनों के पीछा करते हुए बल्लेबाज श्यामल ड़े 67 रन बनाकर शानदार शुरुआत दी लेकिन आउट हो जाने के बाद कोई बल्लेबाज ज्यादा देर तक क्रीज पर टिक नही पाया और पूरी टीम 141 रन पर आउट हो गई। आरपीजीएस ने शानदार खेल दिखाते हुए यह मुकाबला 59 रन से मुकाबला जीता। कप्तान अमन ने 3 विकेट ,प्रीत ने 4 विकेट लिए। इस टूर्नामेंट को विजयी टीम आरपीजीएस को 51000 रुपये व ट्राफी उपविजेता टीम पाकीजा 11 को 25000 रुपये व ट्राफी इनाम स्वरूप दी गयी। मंच में अतिथि के तौर पर भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला, विधायक विजयपाल सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लता यशवंत पटेल, तिलक वार्ड पार्षद शकुन सराठे, सीएमओ राकेश मिश्रा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ,वरिष्ठ भाजपा अभय खंडेलवाल, नारायण दास छाबड़िया समाजसेवी एवं नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता, सरपंच, जनप्रतिनिधि मौजूद थे ।

### यह हुए सम्मानित

आरपीजीएस के कप्तान अमन कहार को मेंन ऑफ द मैच और मेन ऑफ द सीरीज, बेस्ट बॉलर नावेद, बेस्ट कैच अनिकेत ,बेस्ट बेस्टमैंन मोशन ,बेस्ट इमेजिंग प्लेयर नानू, बेस्ट कीपर श्यामल ड़े ,बेस्ट दर्शक ताहिर, अंपायर शिवम दुबे,रविड़े, परिणय मालवीय, नितिन, सत्यम, अनूप मालवीय, स्कोरर प्रवेश ,नीरज, विशाल, मानश, बेस्ट कमण्टेटर पवन चौहान, अंकित श्रुति, पवन रघुवंशी, दीपक मंडल, रिजवान खान , पत्रकारों में पत्रकार संघ अध्यक्ष पवन चौहान, अमित बिल्लोरे, देवेन्द्र कुशवाहा, प्रदीप देवलिया, रितेश साहू, रूपेश मेहरा, बबलू पटवा, शेख आरिफ, एवं अन्य पत्रकारों का सम्मान मुख्य अतिथियो द्वारा दिया गया।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### शनिवार को अवकाश में भी खुलेंगे पंजीयन कार्यालय

**हरदा , देशबन्धु।** महानिदेशक पंजीयन मध्यप्रदेश ने आदेश जारी किए हैं कि जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने, और शासन के राजस्व को ध्यान में रखते हुए फरवरी माह में शनिवार सार्वजनिक अवकाश के दिन 22 फरवरी को भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। सभी जिला पंजीयको को निर्देश दिए गए हैं कि वे जिला मुख्यालय पर स्थित अपने कार्यालय के साथ-साथ उप पंजीयक कार्यालय भी शनिवार 22 फरवरी को शासकीय कार्य के लिए खुला रखें।

### पंचकोशी यात्रा के दौरान व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**हरदा , देशबन्धु।** आगामी दिनों में आयोजित होने वाली पंचकोशी यात्रा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आदित्य सिंह ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये नर्मदा तट पर आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

जारी आदेश अनुसार कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को नर्मदा पंचकोशी यात्रा में जिन स्थानों से यात्रियों का जत्था आगमन-प्रस्थान करता है, वहां पर वेरिकेटिंग कराने के निर्देश दिये है। इसी तरह जिला होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डर मयंक जैन को नावों में यात्रियों की सुरक्षा के लिये लाइफ जेकेट पर्याप्त संख्या में रखने तथा गोताखोरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं के लिये आवश्यक दवाईयां, मेडिकल किट तथा स्वास्थ्य परीक्षण के लिये डॉक्टर्स की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये है। उन्होने यात्रा मार्ग में एम्बूलेंस की व्यवस्था रखने के लिये भी कहा है। कलेक्टर श्री सिंह ने हरदा व टिमरनी के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नर्मदा घटों के पैदल पथ को तत्काल दुरूस्त कराने का कार्य किया जावें । उन्होने यात्रियों के विश्राम के लिये स्कूल, धर्मशाला, पंचायत भवन में श्रद्धालुओं के रूकने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री सिंह ने विद्युत वितरण कम्पनी हरदा व टिमरनी के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया है कि यात्रियों के सभी विश्राम स्थलों पर विद्युत की निर्बाध आपूर्ति तथा रात्रि में प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिये हैं। जिला आबकारी अधिकारी यात्रा मार्ग में मदिरा का अवैध विक्रय रोकने के लिये निर्देश दिये गये हैं।

### भगवानपुरा में रोजगार मेले का आयोजन

**हरदा , देशबन्धु।** म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन हरदा अंतर्गत ग्रामीण बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रोजगार मेले का आयोजन ग्राम पंचायत भगवानपुरा में बुधवार को आयोजित किया गया। भगवानपुरा के रोजगार मेले में 53 युवाओं ने भाग लिया जिसमें से 32 युवाओं को रोजगार हेतु प्राथमिक रूप चयनित किया गया। मेले में वर्धमान यार्न भोपाल, वर्धमान फेब्रिक्स बुधनी, शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड, प्रतिभा सिंथेक्स लिमिटेड पीथमपुर, सागर मैन्युफैक्चरिंग सागर एवं एसआईएस नीमच आदि संस्थाओं ने भाग लिया।

### संयुक्त कलेक्टर को सुनाई घूस लेने की रिकॉर्डिंग

**भोपाल,देशबन्धु।** जमीन से जुड़े एक मामले में मंगलवार को भोपाल कलेक्टोरेट में पीड़ितों ने संयुक्त कलेक्टर इकबाल मोहम्मद को अपनी पीड़ा सुनाई। मोबाइल में कोलार तहसील की एक राजस्व निरीक्षक (आरआई ) की 30 हजार रुपए की घूस लेते हुए रिकॉर्डिंग भी सुनाई। इस मामले में तहसीलदार से जांच कराने को कहा गया है।

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को एडीएम अंकुर मेश्राम ने जनसुनवाई की। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर इकबाल मोहम्मद, डिप्टी कलेक्टर राजेश सोरते ने भी पीड़ितों की समस्याएं सुनीं। कोलार रोड स्थित इनायतपुर के आसिम खान ने बताया कि उनकी जमीन का सीमांकन करने के बदले आरआई ने 30 हजार रुपए ले लिए। इसके बावजूद सीमांकन नहीं किया। इस कारण अब उन्हें तहसीलदार से नोटिस मिला है, जिसमें अतिक्रमण होने की बात कही गई है। दिव्यांग जुबैर ने बताया कि जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में तहसीलदार का नोटिस आया है। जिसमें 19 फरवरी को कार्रवाई करने की बात कही गई है, लेकिन मैंने तो सीमांकन के लिए पहले से आवेदन लगा रखा है। इसके बावजूद बिल्डर के साथ मिलकर हमारी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। अफसरों को पूरी जानकारी दी है। साथ ही कार्रवाई स्थगित करने की मांग की है। ताकि, जमीन का सीमांकन हो सके।

### केंद्रीय संस्कृत विवि के 4 प्राध्यापकों का अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में चयन

**भोपाल,देशबन्धु।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल के लिए गौरव का क्षण है की विश्वविद्यालय के चार प्राध्यापकों का थाईलैंड में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध-पत्र प्रस्तुति के लिए चयन हुआ है। यह पहली बार है जब एक ही संस्थान से चार प्राध्यापकों का एक साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। बैंकॉक के धोनबुरी विश्वविद्यालय में 19 से 23 फरवरी तक पाली और बौद्ध अध्ययन की चुनौतियां और संभावनाएं विषय पर अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इसमें डॉ. संगीता गुदेंचा, डॉ. कृष्णकांत तिवारी, डॉ. विवेक कुमार सिंह और डॉ. मंजु सिंह अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे।चारों प्राध्यापक बौद्ध दर्शन के विभिन्न पहलुओं पर अपना शोध प्रस्तुत करेंगे, जिसमें बौद्ध दर्शन का मानवीय निहितार्थ, शारीरिक शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर बौद्ध दृष्टिकोण, मानसिक स्वास्थ्य के संदर्भ में बौद्ध मनोवैज्ञानिक दृष्टि और वर्तमान में बौद्ध शिक्षाओं की प्रासंगिकता शामिल है।

# पचमढ़ी महादेव शिवरात्रि मेला: अधिकारियों ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

## श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधाएं सुनिश्चित की

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** महादेव की पवित्र नगरी पचमढ़ी में शिवरात्रि मेला 26 फरवरी तक आयोजित हो रहा है। मेले में महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और अन्य राज्यों से लाखों श्रद्धालु चौरागढ़ महादेव एवं जटाशंकर के दर्शन हेतु आ रहे हैं। अब तक लगभग 50,000 श्रद्धालुओं ने मेले में दर्शन किए हैं, और यह संख्या लगातार बढ़ रही है। श्रद्धालु नांदिया जंक्शन होते हुए चौरागढ़ पहुंच रहे हैं।

मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए अतिरिक्त दंडाधिकारी नर्मदापुरम श्री डीके सिंह एवं महादेव मेला समिति की सचिव श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव द्वारा मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार श्री वैभव बैरागी, सीईओ साडा श्री नीरज श्रीवास्तव, एडी सतपुडा टाइगर रिजर्व श्री संजीव शर्मा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री मोहित यादव, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारी भी उपस्थित थे। अधिकारियों ने महादेव, गुप्त महादेव, बीड क्षेत्र से सीता नहानी, नादिया जंक्शन एवं चौरागढ़ स्थल का पैदल भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। साथ ही, श्रद्धालुओं को अधिक सुविधा देने हेतु मेडिकल कैंप में डाक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों को यातायात और श्रद्धालुओं के आवगमन को सुचारू बनाए रखने के



लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मेला क्षेत्र में पानी की सप्लाई, सफाई और ब्लीचिंग के छिड़काव के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। श्रीमती अनीशा श्रीवास्तव ने दुकानदारों को ईको फ्रेंडली बांस के डस्टबिन का इस्तेमाल करने हेतु प्रेरित किया, ताकि पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सके। पचमढ़ी तहसील में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहाँ उच्च अधिकारियों द्वारा मेले की समस्त व्यवस्थाओं पर नियंत्रण रखा जा रहा है। आवश्यकतानुसार प्वाइंटों पर सामग्री और अन्य सुविधाओं की तत्परता से उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

### स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सफाई मित्रों ने संभाली कमान



पचमढ़ी महादेव मेला क्षेत्र में नियमित रूप से साफ-सफाई का कार्य संपादित किया जा रहा है। महादेव मंदिर क्षेत्र से लेकर संपूर्ण मेला क्षेत्र तक सफाई मित्रों ने कमान संभाली है और सफाई के काम में जुटे हुए हैं। सफाई मित्रों द्वारा हर दिन झाड़ू लगाकर कचरे को छोटे-छोटे टोकरियों में एकत्रित किया जा रहा है। इसके बाद कचरे को डिस्पोज करने के लिए अन्य स्थानों पर ले जाया जाता है। इस निरंतर सफाई अभियान के चलते, श्रद्धालुओं को मंदिर पहुंचने तक एक स्वच्छ और साफ रास्ता प्राप्त हो रहा है, जो पवित्र यात्रा के अनुभव को और भी बेहतर बना रहा है। यह सफाई अभियान न केवल मेला क्षेत्र को स्वच्छ रखता है, बल्कि श्रद्धालुओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करता है। सफाई मित्रों की इस टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता से मेला क्षेत्र में स्वच्छता और साफ-सफाई की व्यवस्था लगातार बेहतर हो रही है, जो पचमढ़ी महादेव मेला के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास को और मजबूत कर रही है।

# 61 बच्चों की हुई आँखों की जांच, गुरुवार को लगेगा हृदय रोगी बच्चों का शिविर



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश सरकार की 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए चलाई जा रही राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सीएमएचओ डॉ. दिनेश देहलवार के मार्गदर्शन में आज बुधवार को डीईआईसी समर्पण केन्द्र में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल द्वारा 61 बच्चों की आँखों की जांच एवं परीक्षण किया गया जिसमें 03 मोतियाबिंद के एवं 20 तिरछेपन से ग्रसित बच्चे पाये गये, जिन्हें नि:शुल्क उपचार हेतु सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय भोपाल भेजा गया है। शिविर में भोपाल से यशवंत सोनी, अरुण शुक्ला, वृन्दावन शर्मा एवं सुमित साहू तथा स्थानीय चिकित्सालय से कविता सालवे मैनेजर डीईआईसी, सजल परसाई नेत्र सहायक एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा। गुरूवार दिनांक 20 फरवरी को डीईआईसी समर्पण केन्द्र में जिले के आरबीएसके टीम द्वारा चिन्हित 0 से 18 वर्ष के हृदय रोगी जिसमें दिल में छेद जैसी अन्य हार्ट संबंधी बीमारियों का परीक्षण एवं ईलाज एलएन मेडिकल कॉलेज एण्ड जेके हॉस्पिटल भोपाल द्वारा नि:शुल्क किया जायेगा। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि ऐसे 0 से 18 वर्ष के बच्चे जो किसी ना किसी हृदय रोग से पीड़ित हैं उन्हें शिविर के संबंध में जानकारी प्रदान करें।

## विधायक ने आजीवन प्रतिवर्ष समर्पण निधि प्रदान की



**इटारसी, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के पित्र पुरुष पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। उसी दिन प्रदेश एवं जिले के नेतृत्व अनुसार आजीवन प्रतिवर्ष समर्पण निधि का लक्ष्य प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नर्मदापुरम ग्रामीण मंडल के लिए निर्धारित किया गया है। समर्पण निधि के इसी क्रम में इटारसी-नर्मदापुरम विधायक डॉ.सीतासरण शर्मा ने स्वयं 20000 रुपए की राशि का चेक नर्मदा पुरम ग्रामीण मंडल भाजपा के अध्यक्ष गोकुल पटेल को सौंपा। इस अवसर पर पूर्व पार्षद भरत वर्मा, शैलेंद्र दुबे एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## औद्योगिक भूखण्डों का आवंटन ई बिलिंग पद्धति से किया जाएगा

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश सरकार ने एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) को औद्योगिक भूमि एवं भवन आवंटन तथा प्रबंधन नियमों में प्रमुख संशोधन किए हैं, जिससे भूमि आवंटन की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी और त्वरित हो जाएगी। इन संशोधनों के तहत, अब विकसित एवं विकसित किए जाने वाले औद्योगिक भूखंडों का आवंटन प्रथम आओ प्रथम पाओ पद्धति के स्थान पर ई-बिडिंग पद्धति से किया जाएगा। इसके अलावा, अविकसित भूमि का आवंटन भी अब प्रथम आओ प्रथम पाओ पद्धति के बजाय ऑनलाइन पद्धति से किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित होगी। इसके अतिरिक्त, फ्लैटेड इंडस्ट्रियल एरिया और कॉम्प्लेक्स के निर्माण एवं आवंटन के लिए एक नवीन प्रावधान भी जोड़ा गया है, जो औद्योगिक क्षेत्र के विकास में और तेजी लाएगा। इन संशोधनों के बाद, भूमि का आवंटन और अधिक सुविधाजनक और त्वरित तरीके से किया जा सकेगा, जिससे प्रदेश में औद्योगिक विकास को और बढ़ावा मिलेगा।

## हिंदी के प्रचार प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए दूसरी बार मिला सम्मान



**हरदा , देशबन्धु।** जिले की सिराली तहसील अंतर्गत खुदिया गांव के युवक को अपने विभाग में हिंदी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान करने पर लगातार दूसरी बार केंद्र सरकार द्वारा सम्मानित किया गया है।विदेश मंत्रालय अंतर्गत पासपोर्ट कार्यालय गोवा में वरिष्ठ पासपोर्ट सहायक के पद पर कार्यरत प्रेमसिंह चौहान को राजभाषा नीति के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए विगत दिनों वर्ष 2023-24 के लिए जयपुर में गृह राज्यमंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।पासपोर्ट सहायक प्रेमसिंह चौहान ने बताया कि वर्ष 2022-23 में भी महाराष्ट्र के राज्यपाल द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया था।उन्होंने बताया कि कार्यालय में राजभाषा हिंदी के लिए विशेष प्रयास किए गए है,इसके लिए सहकर्मियो को भी प्रेरित कर कामकाज में हिंदी भाषा का उपयोग किया।उनकी उपलब्धि पर परिजनों,मित्रो ने उन्हें बधाई दी है।

# शिवाजी जयंती पर संभाजी महाराज के बलिदानी जीवन पर आधारित फिल्म छावा देखी

**इटारसी,, देशबन्धु।** हर वर्ष महाराज छत्रपति शिवाजी जयंती के अवसर पर कुछ नया और अलग हटकर करने वाले राकेश जाधव मित्र मंडल ने इस बार शिवाजी महाराज के वीर पुत्र के जीवन पर आधारित फिल्म छावा के लिए पूरा एक शो बुक कर लिया। विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के साथ करीब ढाई सौ लोगों ने इस फिल्म को देखा। आज छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के पावन अवसर पर आज इटारसी नगर में गोल्डमार्क मल्टीप्लेक्स में शिवाजी महाराज के वीर पुत्र धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज के बलिदानी जीवन पर आधारित फिल्म 'छावा' की स्पेशल स्क्रीनिंग





की गई। पार्षद सभापति राकेश जाधव ने बताया कि मित्रमंडल द्वारा प्रतिवर्ष छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती पर कार्यक्रम किया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष छावा फिल्म का पूरा एक शो बुक किया गया था। शो के पूर्व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया। उनके 248 मित्रों ने यह फिल्म देखी।


## एमजीएम कॉलेज में आरटीओ कैंप के द्वितीय चरण में 45 छात्र-छात्राओं के ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस जारी



**इटारसी, देशबन्धु।** आयुक्त नर्मदापुरम संभाग के निर्देशानुसार आज शासकीय महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नर्मदापुरम के सौजन्य से निशुल्क ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस शिविर में महाविद्यालय के 45 छात्र-छात्राओं ने अपने ड्राइविंग लर्निंग लाइसेंस बनवाए।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक वयस्क को वहां के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना अनिवार्य होता है। हर नौसिखिए सवार को अपनी सुरक्षा के साथ-साथ अन्य यात्रियों और पैदल चलने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों को खुद से परिचित करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के सबसे महत्वपूर्ण पहलुओं में से एक है कि अपनी पसंदीदा बाइक चलाना सीखने से पहले लर्निंग लाइसेंस प्राप्त करना चाहिए। इस कैंप में छात्राओं की लर्निंग लाइसेंस निशुल्क बनाए। इस कैंप में आरटीओ कार्यालय से श्री निरंजन एवं श्री राजेश चौधरी कैंप के सुचारू संचालन के लिए महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ दिनेश , डॉ मनीष कुमार चौरे सहयोगी डॉ. सौरभ पगारे , डॉ राजेश हरियाले, कुमारी ज्योति चौहान, कुमारी दुर्गेश यादव कंप्यूटर ऑपरेटर श्री प्रदीप दीवान का विशेष सहयोग रहा।

## शवालय में मनाया जा रहा शिव विवाह महोत्सव, आज होगा ओंकारेश्वर का टीका



**बैतूल, देशबन्धु।** थाना महाकाल चौक कोठी बाजार स्थित शिवालय में शिव विवाह महोत्सव पूरे उत्साह और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में इस मांगलिक उत्सव में शामिल होकर भगवान शिव के विवाह को साक्षी बना रहे हैं।

महोत्सव के दूसरे दिन 20 फरवरी को शाम 7 बजे ओंकारेश्वर का टीका होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रभारी श्रीमती शारदा पाटिल, निक्की राजपूत, प्रदीप तिलनते, बिट्टू ठाकुर, संकू राजपूत, बंटी आरसे, कृष्णा गौड़, सुनील प्रजापति, हितेश पवार, लक्की यादव, पवन यादव, गज्जू दत्ता, अक्षय चौहान, बिट्टू देशमुख, लक्ष्य मंन्द्रे, भावेश चढोकार, चेतन यादव और मोनू यादव हैं। इससे पहले, 19 फरवरी को शाम 4 बजे सोमनाथ की सगाई का आयोजन किया गया था, जिसमें श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से भाग लिया। इस आयोजन में हर रस्म को विधिपूर्वक निभाया जा रहा है, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया है।

26 को निकलेगी भव्य शिव बारात- शंभू भोले सेवा उत्सव समिति के तत्वावधान में 26 फरवरी को थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय से भव्य शिव बारात निकाली जाएगी। शिव विवाह महोत्सव को भव्य और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विशेष व्यवस्थापक बनाए गए हैं, ताकि हर मांगलिक कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से संपन्न किया जा सके।

## समय पंख लगाए उड़ता जा रहा- मीरा

● सृजन साहित्य कुंज सखियों की मासिक काव्य गोष्ठी संपन्न



**बैतूल, देशबन्धु।** महिलाओं की साहित्यिक संस्था सृजन साहित्य कुंज सखियों की मासिक बैठक 18 फरवरी को जायका रेस्टोरेंट, बैतूल गंज में आयोजित हुई। इस काव्य गोष्ठी में सभी सखियों ने अपनी-अपनी रचनाओं का भावपूर्ण काव्य पाठ किया।

संस्था की संयोजिका मीरा एन्थोनी ने समय के महत्व को दर्शाते हुए अपनी कविता में कहा समय पंख लगाए उड़ता जा रहा। डॉ. माधवी ठाकुर ने नीम के पेड़ के महत्व को कविता के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्या निर्गुडकर ने समय के चक्र पर आधारित कविता सुनाई— सुबह के बाद शाम, फिर रात और सुबह, यही क्रम चलता रहता है, लेकिन इंसान पल-पल बदलता है। दीपा मालवी ने सखियों की दोस्ती का महत्व समझाया और अपनी कविता दादी मां से समा बांधा। मीना चांदे ने शब्द मित्रों और समय की महिमा पर कविता सुनाई, जबकि संगीता ने संगीत के माध्यम से ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे गाकर सभी को भावविभोर कर दिया। संस्था की अध्यक्ष अरुणा पाटणकर ने महाकुंभ प्रयागराज से वीडियो के जरिए सखियों को मन से पास, तन से दूर की कहावत चरितार्थ कराते हुए गंगा स्नान का अनुभव साझा किया। मधुबाला ने अपनी मधुर आवाज में दोस्ती की महिमा का बखान किया। हंसी-खुशी के माहौल में यह काव्य गोष्ठी सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

देशबन्धु

नर्मदापुरम, गुरुवार 20 फरवरी 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## ट्रम्प का भारत विरोधी रवैया साफ

डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका के राष्ट्रपति का पद सम्हाले हुए अभी एक ही माह हुआ है और उनका भारत विरोधी रवैया साफ हो चला है। अमेरिका की ओर से भारत का सतत अपमान तो हो ही रहा है, अब उसकी मदद रोककर यह संकेत दे दिया गया है कि अमेरिका के भारत के साथ वैसे सम्बन्ध नहीं रहेंगे जैसे पहले कभी होते थे। अधिक अपमानजनक तो यह है कि अमेरिका के साथ सम्बन्ध बनाये रखने के लिये भारत लगातार झुकता चला जा रहा है और अमेरिका है कि नरम पड़ने का नाम ही नहीं ले रहा है। वह एक के बाद एक भारत विरोधी निर्णय लेता जा रहा है।

भारत को लेकर ट्रम्प का रुख वैसे तभी स्पष्ट हो गया था जब उन्होंने अपने शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आमंत्रित नहीं किया था। उनकी बजाये उद्योगपति मुकेश अंबानी को सपत्नीक तथा विदेश मंत्री एस. जयशंकर को आमंत्रित कर एक तरह से मोदी का अपमान ही किया गया था। वैसे बताया जाता है कि जयशंकर को कुछ दिनों तक अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में डेरा डालना पड़ा था पर ट्रम्प ने भारतीय प्रधानमंत्री को नहीं बुलाया सो नहीं ही बुलाया। इसके बाद भी नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के साथ मुलाकात को लालायित मोदी ने अमेरिका का दौरा कर ही लिया। पिछले हफ्ते वे उनसे मिलकर आये हैं। ट्रम्प के साथ निजी मित्रता का दावा करने वाले मोदी जब अमेरिका जा रहे थे तभी अमेरिका ने पहली खेप के रूप में वहां रह रहे 104 गैरकानूनी अप्रवासी भारतीयों को सैन्य जहाज में हथकड़ी-बेड़ियों में बांधकर अमृतसर भेज दिया। लोगों को उम्मीद थी कि मोदी इस बाबत कड़े शब्दों में न केवल विरोध जताएंगे वरन यह सुनिश्चित करेंगे कि कम से कम अब आगे आने वाले भारतीय ऐसे अपमानजनक तरीके से नहीं भेजे जायेंगे।

वैसे पिछली बार अमेरिका ने जब इस तरह से भारतीयों को भेजा तब भारत में भारतीय जनता पार्टी व सरकार का एक बड़ा समर्थक वर्ग उस कार्रवाई को यह कहकर जायज ठहरा रहा था कि अमेरिका अपने देश के नियमों का पालन कर रहा है तो इसमें गलत ही क्या है। इतना ही नहीं, जयशंकर ने भी संसद में इस पर अपना बयान देकर अमेरिका का समर्थन किया था। हालांकि उसत वक्त यह बात भी सामने आई थी कि कोलम्बिया व मैक्सिको जैसे छोटे देश, जो अमेरिका के पड़ोसी भी हैं, अपने नागरिकों को सम्मानपूर्वक वापस लाए थे। अपने ही नागरिकों के प्रति भारत सरकार के इस रवैये से सम्भवत: ट्रम्प प्रशासन का हौसला बढ़ा होगा तो उसने शनिवार की रात फिर से 116 भारतीय उसी तरीके से भेजे। जैसा कि पहले ही घोषित किया जा चुका है कि अमेरिका ने ऐसे तकरीबन 18 हजार अवैध प्रवासियों की शिनाख्त कर ली है जो क्रमवार भारत आयेंगे। भारत की प्रतिष्ठा को किस कदर चोट पहुंचेगी और उसकी छवि दुनिया भर में क्या बनेगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। साफ है कि ट्रम्प इस मामले में भारत के साथ कोई रहमदिली नहीं दिखाने जा रहे हैं।

ट्रम्प मानों इतने भर से संतुष्ट नहीं हैं जो उन्होंने अमेरिका द्वारा भारत को दी जाने वाली 21 मिलियन डॉलर की सहायता पर भी रोक लगा दी। दरअसल उन्होंने सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के फैसले को मंजूरी दी है जिसने इस आशय की सिफारिश की है। एक प्रेस कांफ्रेंस को सम्बोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा कि 'भारत के पास बहुत पैसा है। वह दुनिया में सबसे ज्यादा टैक्स लगाने वाले देशों में से एक है। अमेरिका के लिये वहां व्यवसाय करना मुश्किल है क्योंकि उसके शुल्क बहुत हैं।' उनका कहना था कि भारत की आर्थिक वृद्धि तथा विदेशी व्यापार की ऊंची शुल्क दरों के चलते भारत को अमेरिकी करदाताओं का पैसा देने की आवश्यकता नहीं है। उल्लेखनीय है कि डीओजीई की अध्यक्षता दुनिया के सबसे बड़े कारोबारी व ट्रम्प के नज़दीकी एलन मस्क करते हैं। उन्होंने एक्स पर इस कटौती की घोषणा की जो भारत को बड़ा झटका है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अपने अमेरिकी दौरे पर मोदी मस्क से उनके परिजनों के साथ मिले थे और दोनों के बीच सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में चर्चा भी हुई थी। मस्क ने भारत के साथ लाइबेरिया में भी मतदाताओं का राजनीतिक प्रक्रिया में भरोसा बढ़ाने के सम्बन्धी गतिविधियों के लिये दी जाने वाली लगभग इतनी ही सहायता राशि तथा नेपाल को जैव विविधता के संरक्षण हेतु आवंटित किये जाने वाले धन को भी रोक दिया है। मस्क ने इन सभी को 'गैरजरूरी खर्च' बतलाया है।

अमेरिका से मिल रहे ये सारे संकेत भारत के लिये बहुत बुरे कहे जा सकते हैं। ट्रम्प ने एक ओर तो मोदी से उस समझौते पर हस्ताक्षर करा लिये जिसके अंतर्गत भारत अमेरिका से प्राकृतिक गैस व तेल (जो कि महंगी दर पर होगा) तथा एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदेगा, जो पुरानी पड़ चुकी तकनीक पर आधारित है व जिसे मस्क कबाड़ बताते हैं, तो वहीं दूसरी तरफ भारत में अमेरिकी कम्पनी टेस्ला की व्यवसायिक गतिविधियां प्रारम्भ होने जा रही हैं, जिसके मालिक एलन मस्क ही हैं। मोदी के नेतृत्व में भारत ने अमेरिका के सामने एक तरह से आत्मसमर्पण कर दिया है, जिसके चलते अमेरिका भारत के साथ लगातार अपमानजनक व्यवहार कर रहा है। भारत को इसका कड़ा जवाब देने की ज़रूरत है।

# उर्दू पर संकीर्ण सोच

### दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

सियासी लाभ उठाने के फेर में कभी-कभी मंजे हुए राजनेता भी ऐसी गलती कर जाते हैं, जिसमें सच बाहर आ जाता है। अभी हाल ही में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी ने ऐसी ही गलती कर दी। दरअसल मंगलवार को उप्र विधानसभा में कार्य संचालन नियमावली में एक संशोधन के बाद अंग्रेजी के अलावा, अवधी, ब्रज, बुंदेली और भोजपुरी में भी संबोधन को मान्यता दी गई। इस संशोधन का उद्देश्य यह था कि ग्रामीण अंचल के लोग अपनी स्थानीय भाषा में सुन सकें कि विधानसभा में क्या कार्रवाई हो रही है। इस फैसले पर नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पाण्डेय ने अंग्रेजी पर आपत्ति जताई और उसकी जगह उर्दू और संस्कृत शामिल करने का सुझाव दिया। लेकिन उर्दू का नाम आते ही यह मुद्दा भाजपा के लिए सांप्रदायिक सवाल खड़े करने का सबब बन गया। मंगलवार को उर्दू के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी ने जो कुछ कहा, उसमें एक तरफ उनकी संकुचित सोच का परिचय मिला और दूसरी तरफ एक सचबयानी भी हो गई। श्री योगी ने कहा कि समाजवादियों का चरित्र दोहरा हो चुका है, ये अपने बच्चों को पढ़ाएंगे इंग्लिश स्कूल में और दूसरों के बच्चों के लिए बोलेंगे कि गांव के उस विद्यालय में पढ़ाओ, जहां संसाधन भी नहीं हैं। श्री योगी ने समाजवादियों पर आरोप लगाया कि ये आपके बच्चों को पढ़ाना नहीं चाहते। आपके बच्चे उर्दू पढ़ें ये उनको मौलवी बनाना चाहते हैं। सपा के नेता क्या देश को कठमुल्लापन की और ले जाना चाहते हैं यह नहीं चलने वाला है।

ऐसा नहीं है कि देश में भाषा को लेकर इस तरह का विवाद पहली बार खड़ा हुआ है, यह सिलसिला बरसों से चला आ रहा है। भाजपा के शासन के दौर में इसमें तल्खी थोड़ी और बढ़ गई है। बहरहाल, पहले देख लेते हैं कि श्री योगी ने उर्दू का विरोध करते हुए कैसे अपनी ही पोल खोल दी। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की हालत कितनी खराब है, इस सच से हर कोई वाकिफ है। संपन्न ग्रामीण अपने बच्चों को शहरों में भेजकर पढ़ाने का खर्च उठा सकते हैं, लेकिन गरीब ग्रामीणों के लिए गांव के विद्यालय में बच्चों को भेजने की मजबूरी होती है, जहां कई तरह के अभावों में बच्चों को पढ़ाने की औपचारिकता निभाई जाती है। देश की साक्षरता दर में इजाफा होता है कि इस साल इतने बच्चों ने दाखिला लिया, हालांकि इसमें कितने बच्चे विद्यालय में टिक पाते हैं, यह अलग मंथन का विषय है। इन स्कूलों में शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी अक्सर नहीं होती है, जिस वजह से लड़कियां स्कूल नहीं जा पाती हैं। गांवों के स्कूलों की बदहाली किसी एक राज्य या किसी एक सरकार में हुई है, ऐसा नहीं है। पूरे देश में यही हाल है। लेकिन इस बात को सरकारें स्वीकार नहीं करती हैं, बल्कि कभी भूले-बिसरे किसी नेता, मंत्री या शिक्षा अधिकारी के दौरे स्कूलों में हों, तो वहां साज-सज्जा कर कमियां छिपाने की कोशिश की जाती है। मंत्री और अधिकारी दोनों इस सच से वाकिफ होते हैं, लेकिन इसे सुधारने की कोशिश बिरले ही किसी ने की होगी। अच्छा है कि मुख्यमंत्री योगी ने

> ऐसा नहीं है कि देश में भाषा को लेकर इस तरह का विवाद पहली बार खड़ा हुआ है, यह सिलसिला बरसों से चला आ रहा है। भाजपा के शासन के दौर में इसमें तल्खी थोड़ी और बढ़ गई है। बहरहाल, पहले देख लेते हैं कि श्री योगी ने उर्दू का विरोध करते हुए कैसे अपनी ही पोल खोल दी। ग्रामीण अंचलों में शिक्षा की हालत कितनी खराब है, इस सच से हर कोई वाकिफ है। संपन्न ग्रामीण अपने बच्चों को शहरों में भेजकर पढ़ाने का खर्च उठा सकते हैं, लेकिन गरीब ग्रामीणों के लिए गांव के विद्यालय में बच्चों को भेजने की मजबूरी होती है, जहां कई तरह के अभावों में बच्चों को पढ़ाने की औपचारिकता निभाई जाती है।

विधानसभा में आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार कर ली कि गांवों के स्कूलों में संसाधन नहीं हैं। अब उनसे सवाल किया जा सकता है कि आप लगातार दूसरा कार्यकाल उत्तरप्रदेश में संभाल रहे हैं, फिर भी अगर आप गांवों के स्कूलों में संसाधन न होने की बात स्वीकार कर रहे हैं, तो इसमें दोष क्या आपका ही नहीं है। जब उप्र सरकार अयोध्या में हर साल करोड़ों रूपए के दिए जला सकती है, जब महाकुंभ के आयोजन में पानी की तरह पैसा बहाया जा सकता है, जब कांवड़ यात्रियों पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाने का खर्च भी सरकारी खजाने से किया जा सकता है, तो गांवों के स्कूलों में संसाधन जुटाने का खर्च अब तक क्यों नहीं किया गया।

हालांकि इस बात की उम्मीद कम ही है कि श्री योगी कभी ऐसे किसी सवाल का जवाब देंगे। उप्र के ग्रामीण स्कूलों में संसाधन जुटें या न जुटें नाम बदलने की कवायद जारी है। हाल ही में परमवीर चक्र विजेता शहीद अब्दुल हमीद के नाम पर गाजीपुर में उनके पैतृक गांव धामूपुर में बने विद्यालय का नाम बदल दिया गया, गनीमत रही कि इस पर फौरन ही आपत्ति दर्ज हुई और गलती को मानते हुए इसे सुधारा गया। शिक्षा विभाग ने विद्यालय का नाम 'शहीद वीर अब्दुल हमीद पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय' करने का निर्णय लिया है, साथ ही भविष्य में ऐसी गलतियां नही हों, इसके लिए उनके नाम को विद्यालय के अभिलेख में भी दर्ज करने की योजना बनाई गई है। विद्यालय के प्राचार्य ने अब्दुल हमीद के बेटे जैनुल हसन से इस भूल के लिए माफी भी मांग ली है। हालांकि यह महज भूल नहीं है, बल्कि इसमें सांप्रदायिक सोच ही नजर आ रही है। नाम बदलने की सोच रखने वालों को अब्दुल हमीद ही नजर आया होगा, उसके आगे लगे शहीद का दर्जा देखने की जहमत नहीं उठाई गई। और अगर इस नाम के साथ परमवीर चक्र विजेता या शहीद का दर्जा न भी जुड़ा होता, तब भी अब्दुल हमीद नाम पर आखिर तकलीफ क्यों है। वहां पढ़ाई किस तरह की हो रही है, बच्चों को किस तरह भविष्य के लिए तैयार किया जा रहा है, असल सवाल तो यही होने चाहिए। लेकिन भाजपा हर मामले में हिंदू-मुसलमान की राजनीति ही ले आती है।

उप्र विधानसभा में मंगलवार के बाद बुधवार को भी उर्दू को लेकर विवाद हुए और मुख्यमंत्री योगी ने एक शायरी सुनाई और कहा कि ध्यान देना, यह उर्दू में नहीं है। श्री योगी ने शायरी पढ़ी-

बड़ा हसीन है इनकी जुबान का जादू, लगा के आग बहारों की बात करते हैं

जिन्होंने रात को चुन-चुन के बस्तियों को लूटा वही अब बहारों की बात करते हैं

अब इस शायरी पर भाजपा के लोग बेशक दाद दें, लेकिन इसमें भाजपा नेताओं और सरकारों की संकीर्ण सोच ही दिखती है। एक बार मशहूर शायर जावेद अख्तर ने कहा था कि उर्दू का संबंध रीजन से है, रिलीजन से नहीं। यानी उर्दू का संबंध क्षेत्र से है, धर्म से नहीं। लेकिन संघ और उससे जुड़े लोगों ने हमेशा से पूरे देश में उर्दू को मुसलमानों से जोड़कर अनावश्यक विवाद खड़ा करने की कोशिश की। कभी दीवाली को जश्न ए चरागां कहा गया तो उस पर आपत्ति जताई गई, किसी ब्रांड के उत्पाद में अरबी में लिखा गया तो उसे धर्मभ्रष्ट करना बता दिया गया। उप्र विधानसभा में भी यही कोशिश दिखी। जबकि उर्दू देश के बड़े हिस्से में बोली और समझी जाती है।

गौरतलब है कि उर्दू तुर्की भाषा के शब्द 'ओर्दू' से निकला है, जिसका मतलब होता है सैन्य शिविर। 12वीं सदी में जब भारत के उत्तरी इलाकों में आक्रमण हुए और फारसी बोलने वाली फौज ने लाहौर, और दिल्ली होते हुए उत्तर भारत के इलाके को छुआ तो उस फौज का संपर्क ब्रज भाषा से हुआ, और फिर दो जुबानों के मेल से उर्दू वजूद में आई। 1780 तक उर्दू को हिन्दवी, रेख़्ता, रेख़्ती, देहलवी या हिंदुस्तानी कहा जाता रहा, बाद में इसे उर्दू नाम मिला और इसी उर्दू में मुंशी प्रेमचंद जैसे महान कहानीकार ने न केवल शिक्षा हासिल की, बल्कि उनका शुरुआती लेखन भी उर्दू में ही रहा। न जाने कितने अनमोल हिंदू और मुसलमान शायर इस ज़बान ने दिए और हिंदुस्तान की गंगा-जमुनी तहजीब को और मजबूत किया। और जहां तक सवाल मौलवी बनने का है, तो श्री योगी इस बात को याद कर लें इसके लिए उर्दू की नहीं, अरबी भाषा की जरूरत होती है, क्योंकि पवित्र कुरान अरबी भाषा में लिखी हुई है।

दिलचस्प बात ये है कि श्री योगी का भाषायी पूर्वाग्रह या दुराग्रह उस समय सामने आया जब कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी भारत दौरे पर आए थे और लोगों की कपड़ों से पहचान करने का नुस्खा बताने वाले प्रधानमंत्री मोदी ने प्रोटोकाल तोड़कर विमानतल पर गले लगाकर उनका स्वागत किया। कतर से हमारी ऊर्जा जरूरतें काफी हद तक पूरी होती हैं और 29 लाख की आबादी वाले इस देश में आठ लाख भारतीयों को भी रोजगार मिला हुआ है। यानी श्री मोदी मुनाफे की भाषा अच्छे से समझते हैं। और वहीं देश में भाषा के नाम पर अनावश्यक धार्मिक विवाद खड़े करते हुए भाजपा अपना दोहरा चरित्र दिखाती है।

# डोनाल्ड ट्रम्प के नाटो से दूरी बनाने के बाद यूरोप की परीक्षा की घड़ी

■ नित्य चक्रवर्ती

1945 में द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के अस्सी साल बाद, यूरोप, विशेष रूप से पश्चिमी यूरोप अव्यवस्थित सा हो गया है, क्योंकि आठ दशकों से उनका ट्रान्साटलांटिक सहयोगी, संयुक्त राज्य अमेरिका, नये ट्रम्प सिद्धांत के तहत नाटो से संबंधित यूरोपीय देशों की सुरक्षा की गारंटी देने से इनकार कर रहा है। इससे पहले भी अमेरिका और यूरोपीय देशों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद थे, लेकिन उनका महाद्वीप की भू-राजनीति पर इतना व्यापक प्रभाव कभी नहीं पड़ा, जितना 2025 में पड़ रहा है।

17 फरवरी को नाटो और यूरोपीय संघ सहित यूरोपीय देशों के नेताओं की आपातकालीन बैठक ऐसी स्थिति से निपटने के लिए कोई प्रभावी रणनीति बनाने में विफल रही, जिसमें यूरोपीय देशों, विशेष रूप से नाटो को अमेरिका पर निर्भर हुए बिना अपनी रक्षा प्रणाली के बारे में सोचना पड़ रहा है, जो 1949 में नाटो की स्थापना के बाद से पिछले 75 वर्षों से एक रक्षा निकाय के रूप में चलन में है।

नाटो की स्थापना अमेरिका और सोवियत संघ के बीच तीव्र शीत युद्ध की पृष्ठभूमि में हुई थी, जिसमें पश्चिमी यूरोप नाटो के हिस्से के रूप में अमेरिका के साथ मजबूती से जुड़ा हुआ था। तब से यूरोप में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 1991 में सोवियत संघ का पतन और 1991 के बाद सोवियत राज्य से अलग होकर कई स्वतंत्र राज्यों की स्थापना शामिल है। यूक्रेन उन राज्यों में से एक था।

> यूरोप को यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए अपने सैन्य बल के साथ तैयार रहना होगा, अगर फरवरी के अंत में मार्च तक ट्रम्प-पुतिन की बैठक युद्ध विराम की ओर ले जाने वाले शांति सूत्र पर पहुंचती है। यह स्पष्ट है कि ट्रम्प यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने की जल्दी में हैं और वे उसी स्टीमरोलर नीति का पालन करने के लिए दृढ़ हैं।

24 फरवरी, 2022 से शुरू होने वाले यूक्रेन पर रूसी आक्रमण को इस सप्ताहांत तीन साल पूरे हो रहे हैं और इसी सप्ताह, मंगलवार 18 फरवरी को, रूस के विदेश मंत्रियों और अमेरिका के विदेश मंत्री ने सऊदी अरब के रियाद में यूरोप और यूक्रेन के प्रतिनिधित्व के बिना मुलाकात की। यूरोपीय देशों और यूक्रेन के राष्ट्रपति ने संबंधित बहिष्कारों का कड़ा विरोध किया, लेकिन बैठक उनके बिना ही चली। राष्ट्रपति ट्रम्प भी नाटो या यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के विचारों को ध्यान में रखे बिना, अपनी शर्तों पर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक के साथ आगे बढ़ेंगे।

यूरोपीय नेताओं की सोमवार को पेरिस बैठक में यूक्रेन पर आने वाली वार्ता में यूरोपीय नेताओं की भागीदारी की मांग की गयी थी, लेकिन ट्रम्प ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह पहले राष्ट्रपति पुतिन से मिलेंगे और उसके बाद जरूरत पड़ने पर राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को बुलाया जायेगा। इस बात का कोई आश्वासन नहीं था कि यूरोपीय नेताओं को अनुवर्ती बैठकों में भी आमंत्रित किया जायेगा।

इसका मतलब यह है कि ट्रम्प केवल राष्ट्रपति पुतिन के साथ बातचीत करके अनिच्छुक यूरोपीय देशों पर युद्धविराम थोपने की कोशिश कर रहे हैं। ट्रम्प के सलाहकारों और खुद ट्रम्प ने पहले ही इशारा कर दिया है कि यूक्रेन को नाटो की सदस्यता के बारे में भूलना होगा और राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की को क्रीमिया पर भी अपना दावा छोड़ना होगा, जिस पर अब रूस का कब्ज़ा है। कुल मिलाकर, वार्ता में अन्य कब्ज़े वाले क्षेत्रों के मुद्दे को उठाया जा सकता है, जहां मामूली क्षेत्रीय समायोजन पर बातचीत की जा सकती है।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन द्वारा बुलाई गयी पेरिस में सोमवार की बैठक में, यूरोपीय नेताओं ने तीन वास्तविकताओं को स्वीकार किया: पहला, ऐसा प्रतीत होता है कि अमेरिका और यूरोप अब उन मूल्यों को साझा नहीं करते हैं, जो 1945 से ट्रांसअटलांटिक गठबंधन का आधार रहे हैं। दूसरा, यूरोप अब अपने बचाव के लिए अमेरिका पर निर्भर नहीं रह सकता। तीसरा, यूक्रेन पर अमेरिकी नीति का सवाल। अमेरिकी योजना पर यूरोपीय देशों को अमेरिका द्वारा जानकारी दिये जाने की आवश्यकता है और अमेरिका को यूरोप को बातचीत की मेज पर आमंत्रित करना है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसलिए चर्चा इस बात पर केंद्रित थी कि इस समय ट्रम्प की चुनौती का सामना करने के लिए सबसे अच्छा विकल्प क्या होना चाहिए।

बैठक में यूरोपीय सुरक्षा गारंटी के आकलन और रक्षा के लिए अपने स्वयं के धन के आधार पर देशों द्वारा इसे किस हद तक संभव बनाया जा सकता है, इस पर तीखे मतभेद देखे गये। यूक्रेन की युद्ध के बाद की सुरक्षा गारंटी पर भी मतभेद थे। मैक्रोन ने पिछले साल यूक्रेन में एक संभावित यूरोपीय शांति सेना की संभावना का उल्लेख किया था, और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन जमीन पर सैनिकों को भेजने के लिए तैयार है। स्वीडन ने सोमवार को इस कदम का समर्थन किया। नीदरलैंड ने कहा कि यह विचार के बारे में 'नकारात्मक नहीं' है, लेकिन जर्मनी ने कहा कि 'अभी समय नहीं आया है' और पोलैंड- जो किसी भी अन्य नाटो सदस्य की तुलना में रक्षा पर प्रति व्यक्ति अपने सकल घरेलू उत्पाद का 4प्रतिशत अधिक खर्च करता है- ने कहा कि वह 'कोई भी पोलिश सैनिक भेजने की योजना नहीं बना रहा है'। इसलिए चर्चा के अंत में जबकि यूरोपीय नेता यूरोपीय सुरक्षा बल की आवश्यकता पर सहमत हुए, वे संरचना की सटीक प्रकृति और प्रत्येक की वित्तीय जिम्मेदारी की प्रकृति पर ध्यान केंद्रित नहीं कर सके।

यूरोप को यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए अपने सैन्य बल के साथ तैयार रहना होगा, अगर फरवरी के अंत में मार्च तक ट्रम्प-पुतिन की बैठक युद्ध विराम की ओर ले जाने वाले शांति सूत्र पर पहुंचती है। यह स्पष्ट है कि ट्रम्प यूक्रेन में युद्ध को समाप्त करने की जल्दी में हैं और वे उसी स्टीमरोलर नीति का पालन करने के लिए दृढ़ हैं जिसका उपयोग उन्होंने इज़राइल में युद्ध विराम के आयोजन में किया था-हमास युद्ध के बारे में। अमेरिकी राष्ट्रपति रूसी राष्ट्रपति पुतिन से बात करके और युद्ध विराम योजना बनाकर उसी पद्धति का उपयोग करने पर आमादा हैं, जिससे पुतिन को इस संकट से बहादुरी से बाहर निकलने में मदद मिलेगी। इसके बाद ट्रंप यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की से अनुवर्ती बैठक में भाग लेने और उस समझौते को बलपूर्वक स्वीकार करने के लिए कहेंगे, जैसा कि उन्होंने और उनके अधिकारियों ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और हमास नेताओं के साथ इजरायल-हमास सौदे के संबंध में किया था।

यूक्रेन पर उस अंतिम वार्ता में यूरोप भागीदार हो सकता है या नहीं भी हो सकता है, लेकिन तथ्य यह है कि यूक्रेन के भविष्य को निर्धारित करने में यूरोप की बहुत कम भूमिका होगी। इसका फैसला ट्रंप और पुतिन करेंगे। वैश्विक कूटनीति कुछ समय के लिए डोनाल्ड ट्रंप के इर्द-गिर्द घूमती रहेगी, जब तक कि वह कूटनीतिक लड़ाई के अगले और महत्वपूर्ण दौर के लिए अपने प्रतिद्वंद्वी चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से नहीं मिलते। यह बराबरी की सबसे ज्यादा देखी जाने वाली लड़ाई और 2025 में भू-राजनीति की सबसे दिलचस्प घटना होगी।

### आपके पत्र

## भीड़ नियंत्रण का अभाव एवं प्रशासन को चुनौती

दिल्ली रेलवे प्लेटफार्म पर हादसे के बाद सरकार ऐहतियात बरतने की बात कर रही है। इसका क्या औचित्य? सरकार भूल सुधार की तरफ कदम बढ़ाती दिखाई दे रही है। दरअसल, सरकार ने 60 बड़े हॉर्डिंग्स लगाने की मंशा जताई है। यह उस समय अति आवश्यक था जब महाकुम्भ का आगाज हुआ। लेकिन अब महाकुम्भ समाप्ति की ओर है, तब सुविधाएं बढ़ाने से मरने वाले यात्री वापस लौट कर आने से तो रहे। यह भीड़ प्रबंधन को नाकामी की और रेखांकित कर रही है। प्रयागराज महाकुम्भ के लिए देश विदेश से यात्रिओं का आवागमन हुआ। दिल्ली की इस बड़ी घटना ने सभी को आहत किया है। लेकिन भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था महाकुम्भ शुरू होने से पहले की होती तो जिनकी मौत हुई है वे मृतक अपने परिवार के साथ होते। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और करोड़ों की तादाद में देश विदेश से लोगों की आवाजाही हो रही है तब परिवहन निगम और रेलवे प्रशासन को सचेत रहने की जरूरत थी। सांप निकलने के बाद लाठी पीटने से क्या फायदा? बेशक रेल प्रशासन ने महाकुम्भ के दौरान अच्छी व्यवस्था दी है। इसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी रेलवे प्रशासन की पीठ थपथपाई है। फिर भी दिल्ली की घटना दु:खद एवं सबको विचलित करने वाली थी। बड़ी संख्या में लोग यात्रा करने लगे हैं इसको ध्यान में रख कर यातायात व्यवस्था की कमी दुर्घटनाओं को न्यौता देती है। प्रशासन को सतर्कता बरतते हुए आकलन करने की आवश्यकता है। अब भी समय है महाकुंभ में अभी भी करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिल रही है। अब कोई ऐसी घटना न हो, इसके लिए सर्तकता जरूरी है। अब कोई घटना घटित हो जाती है तो सब सरकार के किये कराये पर पानी फिर जाएगा। इसमें कोई संशय नहीं है कि महाकुम्भ की व्यवस्था सुंदर एवं ऐतिहासिक रही है। सरकार की पहली प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा प्रदान करना है।

श्रद्धालुओं को भी भीड़ में धक्का-मुक्की नहीं करनी चाहिए। यदि प्लेटफार्म बदलना भी है तो शांतिपूर्वक धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। हड़बड़ी नहीं करनी चाहिए। अगर हड़बड़ी में कोई दुर्भाग्यवश गिर भी गया तो उसकी सहायता करनी चाहिए न कि उसके ऊपर से पार होना चाहिए। सारी व्यवस्था प्रशासन ही क्यों करे? हमारी जवाबदारी नहीं बनती कि हम सावधानीपूर्वक यात्रा करें? अपनी भी सुरक्षा करें और लोगों को भी तकलीफ न हो।

**कांतिलाल मांडोत सूरत**



### ललित सुरजन की कलम से

## जेएनयू : सत्ताधीशों के इरादे?

*'डीएसयू के छात्रों ने जो नारे लगाए उनसे हम सहमत नहीं हैं। कश्मीर का भविष्य क्या हो अथवा अफजल गुरु को फांसी देना न्यायोचित था या नहीं? ये ऐसे प्रश्न हैं जिन पर बौद्धिक बहसें हो सकती हैं और होना चाहिए। छात्रों का भी यह हक बनता है कि वे ऐसी बहसों में भाग लें। लेकिन नारेबाजी बौद्धिक बहस का पर्याय नहीं है; फिर शैक्षणिक परिसर और सड़क में कोई फर्क नहीं रह जाता। इस सीमा तक मैं डीएसयू के कृत्य की आलोचना करता हूं, लेकिन उच्छृंखल नारेबाजी करने को देशद्रोह मान लेना एक दूसरी तरह का अतिरेक है। सरकार समर्थक चैनल हेडलाइन टुडे के राहुल कंवल से चर्चा करते हुए विधिवेत्ता सोली सोराबजी ने जो कहा वह ध्यान देने योग्य है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारत-विरोधी नारे लगाना देशद्रोह नहीं है। उस सभा में कन्हैया कुमार का उपस्थित होना (किसी भी कारण से) भी देशद्रोह नहीं है। स्मरण रहे कि सोली सोराबजी अटल बिहारी वाजपेयी के समय देश के महाधिवक्ता याने कि अटार्नी जनरल थे।'*

*'यह भाजपा और संघ के लोगों पर निर्भर करता है कि वे अपने शुभचिंतक सोली सोराबजी की परिपक्व राय को भाव दें या न दें। लेकिन सोमवार 15 तारीख को पटियाला हाउस अदालत में संघ समर्थक वकीलों व भाजपा के एक विधायक ने जो आचरण किया उससे ऐसा प्रतीत होता है कि हिन्दू राष्ट्र का सपना संजोए बैठे एक वर्ग ने स्वतंत्र बुद्धि से निर्णय लेना बंद कर दिया है।'*

**( देशबन्धु में 18 फरवरी 2016 को प्रकाशित )**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/02/blog-post_17.html

### पावन प्रसंग

## परीक्षा में कैसे सफल हों

परीक्षा का नाम सुनते ही लोगों के मन में घबराहट पैदा होती है, क्योंकि यह होती ही ऐसी है जिसमें हमारी कोई इच्छा जुड़ी नहीं होती है। इसमें दूसरों की इच्छा से परीक्षा होती है। (पर-इच्छा) परीक्षा की घड़ियां बहुत मुश्किल से कटती हैं। बहुत मेहनत करनी पड़ती है, तभी इससे सरलता से गुजरा जा सकता है अन्यथा इसमें असफल होने पर आगे प्रवेश वर्जित हो जाता है। वैसे तो जीवन में ऐसी कई तरह की परिस्थितियां बनती हैं, जो परीक्षा की तरह होती है लेकिन यहां पर जिस परीक्षा की बात की जा रही है, वे वि द्यार्थियों की परीक्षाएं हैं। ये भी एक चुनौती की तरह होती है. जिनमें विद्यार्थियों को उत्तीर्ण होना ही होता है। जैसे-जैसे बच्चों की परीक्षाओं के दिन नजदीक आते जाते हैं बच्चे अधिक पढ़ते हैं, दिन-रात इनके लिए एक कर देते हैं और जब परीक्षा की तैयारी के लिए समय ज्यादा नहीं बचता तो बच्चे यह कोशिश करते हैं कि समझने के बजाय ज्यादा से ज्यादा रट्टा मारकर पेपर दे दिया जाए। इसके साथ ही बच्चों के अभिभावक भी उतने हो परेशान होते हैं, जितने कि बच्चे। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि परीक्षा बच्चों की नहीं उनकी है। कम समय और पाठ्यक्रम ज्यादा होनै पर परीक्षा के समय अक्सर बच्चों में तनाव बढ़ता है। इससे कई तरह की मानसिक बीमारियां भी पैदा होने लगती हैं, जो उनके संपूर्ण विकास के लिए नुकसानदायक सिद्ध हो सकती हैं। परीक्षा की तैयारी के बारे में जानने से पूर्व यह जानना जरूरी है कि परीक्षा का मकसद क्या है? क्या परीक्षा का मकसद अधिक से अधिक नंबर पाना है? या फिर किसी विषय पर बच्चे के ज्ञान की परीक्षा है? क्या परीक्षा में असफल होने वाला बच्चा जीवन में और कहीं सफल नहीं हो सकता? क्या उत्तीर्णांक ही किसी बच्चे को संपूर्ण ज्ञान की परीक्षा है? बच्चे ऐसा क्या करें कि परीक्षारूपी तनाव से सहजता के साथ बाहर आ सके? क्या परीक्षा आज हमारे लिए जीवन से भी ज्यादा महत्वपूर्ण बन गई है? ऐसे बहुत से प्रश्न हैं जिस पर हमारी सामाजिक व्यवस्था और शिक्षा व्यवस्था दोनों पर सोचने की जरूरत है, क्योंकि वर्तमान जीवन व्यवस्था में कभी-कभी ये परीक्षाएं बच्चे के लिए इतनी महत्वपूर्ण बन जाती हैं कि उनके लिए वह अपने बचपन का बलिदान कर देता है, परीक्षा के लिए अपनी सहजता खो देता है और इस परीक्षा का सबसे दुखद पहलू तब देखने को मिलता है जब कोई बालक परीक्षा में असफल हो जाता है।

सबसे पहले यह निर्धारित कर लें कि परीक्षा के लिए कितने विषय और कितनी विषय साग्री को तैयार करना है और समयानुसार विषय सामग्री को तैयार करने के लिए विभाजित कर लें और यह कोशिश करें कि विभाजित समय में विषयों की तैयारी की जा सके। परीक्षा की तैयारी तभी ज्यादा सही और सार्थक होती है, जब विषय को पहले से पढ़ा गया हो, उसके नोट्स बनाए गए हों, फिर परीक्षा के दबावपूर्ण कमस समय में उन्हें ठीक तरह से तैयार करना संभव नहीं हो पाता। ऐसी स्थिति पैदा होने पर यह उचित रहता है कि उस विषय को समझने वाले शिक्षक या विद्यार्थी से उसे पढ़ा जाए और उसके प्रति सय विकसित किया जाए।

**-अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## हमें अपनी योजनाओं के उचित क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करना होगा : नाहिद राणा

**दुबई।** बांग्लादेश द्वारा भारत के खिलाफ 2025 चैंपियंस ट्रॉफी अभियान की शुरुआत करने से पहले, युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने कहा कि गेंदबाजी समूह पिचों पर अपनी योजनाओं के उचित क्रियान्वयन पर ध्यान केंद्रित करेगा, जो बल्लेबाजों के लिए बहुत बढ़िया हो सकती है। बांग्लादेश अपने ग्रुप ए अभियान की शुरुआत में गुरुवार को दुबई में भारत का सामना करके करेगा, उसके बाद मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगे के मैचों के लिए रावलपिंडी जाएगा। रावलपिंडी वह जगह भी है जहां राणा ने लगातार तीन ओवरों में बाबर आजम, शान मसूद और सऊद शकील को आउट करके बांग्लादेश को 2-0 की अविस्मरणीय श्रृंखला जीतने में मदद की। नाहिद ने बुधवार को आईसीसी से कहा कि हमने ऐसी पिचों पर खेला जो बल्लेबाजी के लिए बहुत अच्छी थीं और तेज गेंदबाजों के लिए मार्जिन कम था।



भारत-बांग्लादेश मैच पर संकट के बादल !

# आज होगा दोनों टीमों का आमना-सामना

- बांग्लादेश को हल्के में लेने से बचना चाहेगा भारत
- बुमराह के बाहर होने पर शमी भारत की तेज गेंदबाजी की अगुआई को तैयार
- रोहित, शुभमन, विराट की मौजूदगी में मजबूत बल्लेबाजी है भारत की ताकत

○ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 19 फरवरी (देशबन्धु)। रोहित शर्मा की कप्तानी में नौंवी आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में अब हुए आठ संस्करणों में ऑस्ट्रेलिया की तरह सबसे ज्यादा दो बार खिताब जीतने वाली पिछली उपविजेता भारतीय क्रिकेट टीम तीसरी बार खिताब जीतने का अपना अभियान यूएई में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ ग्रुप ए के मैच से करेगी। भारत 2000 में न्यूजीलैंड से और 2017 में पाकिस्तान से हार कर दो बार उपविजेता रहा था।

भारत अब तक हुए आठ संस्करणों मे चार के फाइनल में पहुंचा । 2002 में फाइनल लगातार दो दिन बारिश के चलते धुल गया था और तब सौरभ गांगुली की कप्तानी में भारत मेजबान श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता रहा । महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 2013 में भारत ने मेजबान इंग्लैंड बर्मिंघम में रोमांचक फाइनल में पांच रन से हराकर दूसरी बार खिताब था। भारत 2000 दूसरे संस्करण में केन्या में कप्तान सौरभ गांगुली के शतक के बावजूद फाइनल में न्यूजीलैंड से दो गेंद के बाकी रहते चार विकेट से और 2017 में विराट कोहली की कप्तानी में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से फाइनल में 180 रन से हार गया था।

भारत पहले संस्करण में 1998 में मोहम्मद अजहरूद्दीन की कप्तानी में बांग्लादेश में सेमीफाइनल में वेस्ट इंडीज से छह विकेट से हार गया। 2004 में भारत चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से हार ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया। राहुल द्रविड़ की कप्तानी में 2006 में मेजबानी करते हुए भारत ग्रुप चरण में इंग्लैंड से मात्र एक मैच जीत बाहर हो गया था और 2009 में भारत महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान से हार कर लगातार तीसरी बार ग्रुप चरण में ही बाहर हो गया था। भारत ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान से हारने के बाद से आईसीसी टूर्नामेंट में पिछले 20 वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों से 17 जीते हैं। पाकिस्तान में सुरक्षा कारणों से अतीत में कई देशों के उसकी सरजमीं पर खेलने से इनकार करने के चलते उससे दुनिया की दिग्गज टीमों के खिलाफ सबसे ज्यादा मैच दुबई में खेले हैं।

ऐसे में दुबई(यूएई) का मैदान पाकिस्तान के लिए 'दूसरा' घरेलू मैदान पर है। भारत और पाकिस्तान के 23 मार्च को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच पर दोनों देशों के क्रिकेट प्रेमियों के साथ दुनिया भर के क्रिकेट प्रेमियों की निगाहें रहेंगी। बेशक जसप्रीत बुमराह का पीठ में जकड़न के चलते उपलब्ध न होना भारत को अखरेगा लेकिन उसके कप्तान रोहित शर्मा ने उनकी गैर मौजूदगी में अपने मन की सुनते हुए पांच स्पिनरों को अपनी टीम में शामिल कर सभी का चौंकाया है। रोहित शर्मा का पूरा ध्यान बतौर कप्तान को तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में चैंपियन बनाने पर लगा है। भारत को बेशक अपने सभी मैदान दुबई के मैदान पर खेलने का लाभ मिलेगा।

**मैच का समय : भारत वि. बांग्लादेश ( यूएई, दोपहर ढाई बजे से )।**

### बांग्लादेश के पास सबसे अच्छा तेज गेंदबाजी आक्रमण है: शांतो

**दुबई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच से पहले आत्मविश्वास से भरे हुए स्वर में कहा कि उनकी टीम में दो बार के चैंपियन को चुनौती देने की ताकत है। शानदार तेज गेंदबाजों और भरोसेमंद ऑलराउंडरों के मिश्रण के साथ, शांतो का मानना है कि बांग्लादेश के पास टूर्नामेंट में मजबूत शुरुआत करने के लिए सभी जरूरी चीजें हैं। शंतो ने मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर हमें भारत को हराना है तो सभी विभागों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उनके खिलाफ हमारे पास अच्छी यादें हैं और अगर हम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह से लागू करते हैं, तो हमारे पास अच्छा मौका है। उन्होंने कहा कि हमारे पास कुछ बेहतरीन ऑलराउंडर हैं और हम उन पर निर्भर हैं। हम ज्यादा नहीं सोच रहे हैं। टूर्नामेंट में सभी टीमें जीतने में सक्षम हैं और हमें अपने मौके पर भरोसा है।

# बाबर को पछाड़कर वनडे में फिर नंबर 1 बल्लेबाज बने गिल

**दुबई,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल ने बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष वनडे खिलाड़ी रैंकिंग में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान बाबर आजम को पछाड़कर नंबर 1 स्थान हासिल कर लिया। गिल 796 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर हैं। बाबर दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं और नए नंबर 1 से 23 रेटिंग अंक पीछे हैं। यह दूसरी बार है जब गिल ने वनडे क्रिकेट में नंबर 1 रैंकिंग हासिल की है, भारतीय बल्लेबाज ने 2023 में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के बीच में बाबर को पछाड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया था। गिल हाल ही में शानदार फॉर्म में हैं, हाल ही में समाप्त हुई सीरीज के तीसरे वनडे के दौरान अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ उनके शतक ने 25 वर्षीय खिलाड़ी को रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचा दिया। इस बीच, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर बने हुए हैं और अपने साथी भारतीय सलामी बल्लेबाज से 45 रेटिंग अंक पीछे हैं। दक्षिण अफ्रीका के हेनरिक क्लासेन

**गिल 796 रेटिंग अंकों के साथ बल्लेबाजी चार्ट में शीर्ष पर**

(756) और न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल (740) क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर शीर्ष पांच में शामिल हैं। श्रीलंका के तेज गेंदबाज चरिथ असालंका (आठ पायदान ऊपर आठवें स्थान पर) भी शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहे, जबकि पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान छह पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए और उन्होंने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग हासिल की। गेंदबाजी रैंकिंग में भी चीजें उतनी ही कड़ी हैं, जिसमें श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महेश तीक्षणा ने अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान को पीछे छोड़कर शीर्ष स्थान हासिल किया है। तीक्षणा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने कारनामों के बाद शीर्ष स्थान हासिल किया, जिसमें कोलंबो में उस श्रृंखला के शुरुआती मैच में शानदार चार विकेट शामिल थे। इस बीच, अफगानिस्तान के स्पिन गेंदबाज राशिद दूसरे स्थान पर खिसक गए और वह नंबर 1 स्थान हासिल करने के लिए बेताब होंगे क्योंकि वह अपने श्रीलंकाई समकक्ष से सिर्फ 11 रेटिंग अंक पीछे हैं।





**बाबर दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं और नए नंबर 1 से 23 रेटिंग अंक पीछे**

# नौ भाषाओं में होगी आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की कमेंट्री

- दुनिया की शीर्ष आठ टीमें हाई-स्टेक मुकाबलों में भिड़ेंगी
- डिजिटल पर पहली बार, आईसीसी टूर्नामेंट को 16 फीड पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा



**मुंबई,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। जियोस्टार नेटवर्क आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का घर होगा, जो 19 फरवरी से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की शानदार प्रस्तुति देगा। दुनिया की शीर्ष आठ टीमें हाई-स्टेक मुकाबलों में भिड़ेंगी, ब्रॉडकास्टर रैखिक टेलीविजन और डिजिटल दोनों प्लेटफ़ॉर्म पर एक बेजोड़ देखने का अनुभव प्रदान करेगा। टीवी पर, अंग्रेजी फीड के अलावा, नेटवर्क स्टार स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स 18 चैनलों पर हिंदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में भी कवरेज प्रदान करेगा। डिजिटल पर पहली बार, आईसीसी टूर्नामेंट को 16 फीड पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा, जिसमें नौ भाषाएं शामिल हैं: अंग्रेजी, हिंदी, मराठी, हरियाणवी, बंगाली, भोजपुरी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़। भाषा विकल्पों के अलावा, जियोहॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग को चार मल्टी-कैम फीड द्वारा पूरक किया जाएगा। सात अलग-अलग देशों के क्रिकेट दिग्गजों की एक स्टार-स्टडेड लाइन-अप दर्शकों के लिए अपनी विशेषज्ञ अंतर्दृष्टि और रोमांचक कमेंट्री लेकर आएगी, जो आईसीसी मेन्स चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के उत्साह को बढ़ाएगी। रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर, नासिर हुसैन, मैथ्यू हेडन, इयान बिशप, वसीम अकरम, रमीज राजा, साइमन डूल, डेल स्टेन, शॉन पोलक और आरोन फिंच अंग्रेजी कवरेज के लिए एक साथ आएंगे, जो मैदान पर होने वाले हाई-ऑक्टेन एक्शन से मेल खाने के लिए मैच विश्लेषण और बेहतरीन कमेंट्री पेश करेंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के हिंदी कवरेज में सुरेश रैना, हरभजन सिंह, वहाब रियाज, वकार यूनिस, संजय मांजरेकर, अंबाती रायुडू, रॉबिन उथप्पा, मोहम्मद कैफ, पीयूष चावला, संजय बांगर, आकाश चोपड़ा और दीप दासगुप्ता सहित क्रिकेट के कई दिग्गज शामिल होंगे। इसके अलावा, क्षेत्रीय भाषाओं की प्रस्तुति में भारतीय क्रिकेट जगत के कई जाने-माने नाम शामिल होंगे, जैसे हनुमा विहारी, अभिनव मुकुंद, एमएसके प्रसाद, आर श्रीधर, मुरली विजय, एस बद्रीनाथ, वेंकटेश प्रसाद, सुनील जोशी, केदार जाधव और कई अन्य, जो प्रसारण में अद्वितीय गहराई और विशेषज्ञता लाएंगे। कवरेज को बढ़ाने के लिए, भारतीय सांकेतिक भाषा फ़ीड और ऑडियो वर्णनात्मक कमेंट्री जियो हॉटस्टार पर वापस आएगी, जो दर्शकों के लिए एक समावेशी अनुभव सुनिश्चित करेगी। जियोस्टार नेटवर्क की इस अभूतपूर्व पहल ने विकलांग व्यक्तियों को सशक्त बनाने में लगे संस्थानों की श्रेणी में 2024 में राष्ट्रीय पुरस्कार जीता।

## 'मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए पहली गेंद पर चौका लगाना रोमांचक था' : जी कमलिनी

- यह मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक : कमलिनी



**वडोदरा,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के लिए खेलते हुए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के इतिहास में सबसे कम उम्र की डेब्यू करने वाली खिलाड़ी बनने के बाद, जी कमलिनी ने कहा कि 120 रनों के सफल पीछा करने में पहली गेंद पर चौका लगाना उनके लिए रोमांचक था। 16 साल और 213 दिन की उम्र में, कमलिनी न केवल सबसे कम उम्र की डब्ल्यूपीएल खिलाड़ी बन गईं - बल्कि वह दुनिया की सभी पांच फ्रेंचाइजी टी20 टीमों में मुंबई इंडियंस के लिए खेलने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी बन गईं। अपनी पहली गेंद पर, कमलिनी, जिन्होंने पिछले महीने मलेशिया में भारतीय टीम के साथ अंडर 19 महिला टी20 विश्व कप जीता था, ने लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा की गेंद पर सही समय पर कट लगाकर आसानी से चौका लगाया। बुधवार को फ्रैंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कमलिनी ने कहा कि मैं वास्तव में घबराई हुई थी, लेकिन यह मेरे जीवन के सबसे यादगार दिनों में से एक था। मुझे वाकई बहुत खुशी हुई। मैंने बहुत मेहनत की और मैं मौके का इंतजार कर रही थी, इसलिए मुझे खुशी है कि मुझे मौका दिया गया। जब मैं क्रीज पर गई, तो साजना अक्का (तमिल में बड़ी बहन) के साथ यह एक मजेदार समय था। तब मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं थी। फील्डिंग करते समय मैं नर्वस हो जाती हूं, लेकिन बल्लेबाजी करते समय मैं बिल्कुल भी नर्वस नहीं हुई। पहली गेंद पर मैंने बाउंड्री लगाई, जो रोमांचक थी - मेरे डब्ल्यूपीएल करियर की पहली बाउंड्री। दूसरे छोर पर उनकी बल्लेबाजी की साथी, साजना सजीवन, जिन्होंने आखिरकार एक ऊंचा चौका लगाकर टीम का पीछा खत्म किया, ने भी कमलिनी के क्रीज पर बिताए गए छोटे लेकिन आनंददायक समय और किशोरी को दी गई सलाह के बारे में जानकारी दी।

### सार संक्षेप


#### गढ़वाल का धमाका, एयर फोर्स ने दिखाया दम

**नई दिल्ली।** डीएसए प्रीमियर लीग के एकतरफा मुकाबले में बुधवार को गत विजेता गढ़वाल हीरोज ने फ्रेंड्स यूनाइटेड को 5-0 से रौंद कर शानदार जीत दर्ज की। आज यहां नेहरू स्टेडियम स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में गढ़वाल की जीत का हीरो वंशवादेमे डीगडो रहा जिसने ना सिर्फ दो शानदार गोल जमाए अन्य खिलाडियों के लिए मौके भी जुटाए। इशनाबोक, मालेम और भारत मेहरा ने एक एक दर्शनीय गोल किये। वहीं दिन के पहले मुकाबले में इंडियन एयर फोर्स ने बड़ा उलटफेर करते हुए दिल्ली एफसी को हराया। विजयी गोल विवेक कुमार ने किया। एयर फोर्स के प्लेयर ऑफ द मैच विवेक का गोल दर्शनीय था लेकिन गढ़वाल के सभी गोल उच्च स्तरीय रहे। प्लेयर ऑफ द मैच बदलू खिलाड़ी वंश के दोनों गोल काबिले तारीफ थे। लेकिन गोल अंतर कहीं बड़ा हो सकता था। स्कूली छात्र आदित्य अधिकारी, वंश,मालेम, ईशान बोक, रिची और साहिल ने प्रतिद्वन्दवी राक्षकों को बार बार हैरान किया तो भारत, नीरज और मिलिंद ने फ्रेंड्स यूनाइटेड के फारवर्ड को जरा भी मौका नहीं दिया।

#### मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन

**मुम्बई।** मुंबई के पूर्व कप्तान और चयनकर्ता मिलिंद रेगे को बुधवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 76 वर्ष के थे। रेगे को कुछ दिन पहले ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां और आज सुबह छह बजे उनका निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 1966 से 1977-78 तक कुल 52 मैच खेलते हुए 126 विकेट लिए। कुल 23.56 की और औसत से 1532 रन भी बनाए। मुंबई के पूर्व कप्तान ने 1960 और 70 के दशक में एक दशक से अधिक समय तक प्रथम श्रेणी क्रिकेट में राज्य का प्रतिनिधित्व किया। अपने खेल करियर के बाद रेगे मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) में विभिन्न पदों पर जुड़े रहे।

## पांचाल के शतक ने गुजरात को केरल के खिलाफ मजबूत स्थिति में पहुंचाया



**अहमदाबाद,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। प्रियांक पांचाल की 200 गेंदों पर नाबाद 117 रनों की शानदार पारी की बदौलत गुजरात ने केरल के पहली पारी के 457 रनों के जवाब में मजबूत स्थिति में पहुंच गया। तीसरे दिन स्टंप्स तक 1 विकेट पर 222 रन बनाकर गुजरात अब केवल 235 रन पीछे है, जबकि अनुभवी सलामी बल्लेबाज ने मजबूती से लक्ष्य का पीछा किया। पांचाल की पारी गुजरात के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण रही, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि वे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के महत्वपूर्ण चौथे दिन नियंत्रण में रहें। गुजरात के सलामी बल्लेबाजों ने स्पष्ट खेल योजना के साथ पारी की शुरुआत की- पिच के अनुकूल रहने पर अधिकतम स्कोर बनाना। शुरुआती सफलताओं पर भरोसा करते हुए केरल ने ऑफ स्पिनर जलज सक्सेना के साथ पारी की शुरुआत की, जिन्होंने टर्न की उम्मीद में सिली पॉइंट और लेग स्लिप के साथ आक्रामक फील्डिंग की। हालांकि, खेल से पहले इस्तेमाल किए गए रोलर्स ने सतह को स्थिर कर दिया था, जिससे स्पिनरों को मिलने वाली मदद बेअसर हो गई थी। इसका पूरा फायदा उठाते हुए, पंचाल और आर्य देसाई ने मिलकर 131 रनों की ओपनिंग साझेदारी की, धाराप्रवाह ड्राइव खेले और चतुराई से रन बनाए- खासकर खाली थर्ड-मैन क्षेत्र के ज़रिए।

# फखर जमां की मांसपेशियों में मोच के लिए जांच की जा रही है : पीसीबी



**फखर जमां की मांसपेशियों में मोच के लिए जांच की जा रही है और आगे की जानकारी समय-समय पर दी जाएगी : पीसीबी**

**कराची,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पुष्टि की है कि सलामी बल्लेबाज फखर जमां की मांसपेशियों में मोच के लिए जांच की जा रही है, क्योंकि वह नेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के चैंपियंस ट्रॉफी के पहले मैच में सिर्फ दो गेंदें खेलने के बाद मैदान से बाहर चले गए थे।

पीसीबी ने एक बयान में कहा कि फखर जमां की मांसपेशियों में मोच के लिए जांच की जा रही है और आगे की जानकारी समय-समय पर दी जाएगी। पाकिस्तान के खिताब की रक्षा के लिए दुर्भाग्यपूर्ण शुरुआत हुई, क्योंकि शुरुआती ओवर में चौका लगाने के लिए दौड़ते समय जमां को पीठ के निचले हिस्से में चोट लग गई। न्यूजीलैंड के विल यंग ने शाहीन अफरीदी को कवर के माध्यम से ड्राइव किया, जिससे बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पूरी ताकत से गेंद का पीछा किया। हालांकि जमां गेंद को रोकने और बाबर आज़म को गेंद पहुंचाने में कामयाब रहे, लेकिन उन्होंने तुरंत असहजता का संकेत दिया और टीम के फिजियो के साथ चले गए।

इस झटके ने पाकिस्तान की हाल की चोटों की चिंताओं को और बढ़ा दिया, क्योंकि सैम अयूब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ़ टेस्ट में फ़ील्डिंग करते समय टखने में फ्रैक्चर के कारण पहले ही टूर्नामेंट से बाहर हो चुके थे। उनकी अनुपस्थिति ने पाकिस्तान को जमां को अपने वनडे सेटअप में वापस बुलाने के लिए मजबूर किया, जिससे उनका जल्दी बाहर होना और भी चिंताजनक हो गया।

## इंटरनेशनल मास्टर्स लीग एक्शन के लिए तैयार

**मुंबई,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। बहुप्रतीक्षित इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) ने अपनी शानदार ट्रॉफी का अनावरण उन दिग्गजों की मौजूदगी में किया जो उद्घाटन संस्करण में अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे। भारत के क्रिकेट आइकन और भारत रत्न सचिन तेंदुलकर के साथ श्रीलंका के कुमार संगकारा, वेस्टइंडीज के दिग्गज ब्रायन लारा, इंग्लैंड के विश्व कप विजेता कप्तान इयोन मोर्गन, ऑस्ट्रेलिया के शेन वॉटसन और दक्षिण अफ्रीका के जोंटी रोड्स, जिन्होंने कप्तान जैक्स कैलिस का प्रतिनिधित्व किया, बुधवार को डीवाई पाटिल विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कैप्टन्स डे में शामिल हुए। आईएमएल क्रिकेट प्रशंसकों को रोमांचक अनुभव प्रदान करके के लिए तैयार है। इंडिया मास्टर्स और श्रीलंका मास्टर्स शनिवार, 22 फरवरी को डीवाई पाटिल स्टेडियम में आईएमएल का उद्घाटन मैच खेलेंगे। इंडिया मास्टर्स के कप्तान सचिन तेंदुलकर ने कहा कि क्रिकेट के मैदान पर वापस आना उस जगह पर लौटने जैसा है जिसने मुझे एक खिलाड़ी के रूप में पहचान दी है। अपने पूर्व साथियों के साथ फिर से मिलना, हमारे अनुभवों को फिर से जीना और अपनी यादों को साझा करना वास्तव में विशेष है।

# जोकोविच की दोहा में पहले दौर में चौंकाने वाली हार

- यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी



**मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया : जोकोविच**

**दोहा,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व विश्व नंबर 1 सर्बियाई महान नोवाक जोकोविच ने कतर ओपन, एटीपी 500 इवेंट में माटेओ बेरेटिनी से सीधे सेटों में हारने के बाद बहाने बनाने से परहेज किया और कहा कि इतालवी ने उन्हें मात देने के लिए मास्टर क्लास मैच खेला। इटालियन ने एटीपी 500 में तीसरे वरीय सर्ब को 7-6(4), 6-2 से हराने के लिए उच्च गुणवत्ता वाला प्रदर्शन किया और जनवरी 2023 के बाद से शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी पहली जीत दर्ज की। यह हार अप्रैल 2022 के बाद से सर्ब की पहली शुरुआती दौर की हार थी। जोकोविच जनवरी में हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ अपने ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल मुकाबले से सेवानिवृत्त होने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। जोकोविच ने कहा कि मुझे उस अर्थ में कोई दर्द या परेशानी नहीं हुई। आज मैं अपने से बेहतर खिलाड़ी से हार गया। हां, मैं अपने वांछित स्तर पर नहीं था, और हो सकता है कि मैं अभी भी उस तरह से आगे नहीं बढ़ पा रहा हूं जैसा मैं चाहता हूं, लेकिन, मेरा मतलब है, मैंने बिना दर्द के खेला, इसलिए इसमें कोई बहाना नहीं है। उन्होंने कहा कि वह बेहतर खिलाड़ी था। मुझे लगता है कि उसने मास्टर क्लास मैच खेला, ईमानदारी से कहूं तो, उसने बहुत ही शानदार ढंग से खेला और बहुत अच्छी सर्विस की, इसलिए उसकी टीम की जीत बहुत ही योग्य थी। दोहा में दो बार के चैंपियन जोकोविच ने पिछले सीजन में पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन पूरे सीजन में कोई और खिताब नहीं जीत पाए। 2017 के बाद यह पहली बार था जब 99 टूर-लेवल के खिताबी खिलाड़ी ने कोई बड़ा खिताब नहीं जीता। 37 वर्षीय खिलाड़ी का 2025 में 7-3 का रिकॉर्ड है। जोकोविच, जिन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्वीकार किया कि वे कम से कम क्ले स्विंग के अंत तक एंडी मरे के साथ काम करेंगे। उन्होंने साथ ही कहा कि वे भविष्य में और अधिक ट्रॉफी जीतने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। मैं हर किसी की तरह अपने खेल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहा हूं। लेकिन मेरा खेल अब बदलने वाला नहीं है। मैं सर्व और वॉली नहीं खेलने जा रहा हूं, शायद कभी-कभार, लेकिन मेरा खेल वही है जो है, कोर वही रहने वाला है।

# प्रियांक पांचाल के नाबाद शतक से गुजरात की ठोस शुरुआत



- मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

**अहमदाबाद,** 19 फरवरी (एजेंसियां)। प्रियांक पांचाल (नाबाद 117)की शतकीय और आर्य देसाई (73) की अर्धशतकीय पारियों की मदद से गुजरात ने रणजी ट्रॉफी के पहले समीफाइनल मुकाबले के तीसरे दिन बुधवार को केरल के खिलाफ ठोस शुरुआत की। इससे पहले आज मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 177) की शतकीय की बदौलत केरल ने 457 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी गुजरात के लिए प्रियांक पांचाल और आर्य देसाई की सलाीम जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 113 रन जोड़े। एनपी बासिल ने शतक की ओर बढ़ रहे आर्य देसाई को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। आर्य देसाई ने 118 गेंदों में 11 चौके और एक छक्का लगाते हुए (78) रन बनाये। दिन का खेल समाप्त होने के समय गुजरात ने एक विकेट पर 222 रन बना लिये थे। स्टंप के समय प्रियांक पांचाल (नाबाद 117) और मनन हिंगराजिया (नाबाद 30) क्रीज पर मौजूद थे। केरल की ओर से एनपी बासिल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। केरल ने कल के सात विकेट पर 418 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में चिंतन गजा ने आदित्य सरवटे (11) को बोल्ड कर केरल को आठवां झटका दिया।

## सार समाचार

### जनसुनवाई में ग्रामीणों ने फिर की सड़क बनाने की मांग

**सिरोंज, देशबन्धु।** ग्राम सबलपुर के निवासियों ने करीब 1 वर्ष से लगातार जनसुनवाई से लेकर जनप्रतिनिधियों से ग्राम की सड़क बनवाने को लेकर कई आवेदन दे दिए हैं लेकिन न तो जनसुनवाई में सुनवाई हुई और न ही अधिकारियों ने इस तरफ दिलचस्पी ली। गौरतलब हो की बारिश के दिनों में छोटे-छोटे छात्र-छात्राओं को पानी के भराव के चलते स्कूल जाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ती है पूर्व में भी इस जटिल समस्या को लेकर ग्रामीण द्वारा गुहार लगा चुके हैं। ग्रामीणों फिर से तहसील परिसर में आयोजित जनसुनवाई में एक आवेदन अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी को दिया। चौधरी ने गंभीरता से लेते हुए जनपद सीईओ से चर्चा की और जल्द ही इस समस्या को सुलझाने की बात कही। आवेदन में लेख किया है कि ग्राम सबलपुर की मूडराधर्म के मेन रोड तिलक बाग 2 किलोमीटर की दूरी है वर्तमान में उक्त पहुंच मार्ग कच्चा होकर है जिससे हम ग्रामीण जनों को बारिश के समय में ग्राम पहुंचने में अत्यधिक परेशानी होती है एवं कीचड़ होने के कारण पैदल एवं वाहन आदि भी निकलना भी संभव नहीं हो पता है। ग्रामीणों ने सर्वे कराकर ग्राम सबलपुर तक प्रधानमंत्री सड़क बनवाने की मांग की है।

### पुलिस उपथाना परिसर में डीजे संचालकों की हुई बैठक



**घुवारा, देशबन्धु।** बोर्ड परीक्षाओं को मद्देनजर रखते हुए साथ ही शासन के दिशा निर्देश को ध्यान में रखते हुए उपथाना पुलिस परिसर में डीजे संचालकों की बैठक रखी गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक जहां लोकल 11 वी परीक्षा संचालित हो रही है तो वहीं कुछ दिनों बाद वोर्ड परीक्षा संचालित होने बाली है उसी परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना व उपजाना प्रभारियों को दिशा निर्देश देते हुए अपने अपने कार्य क्षेत्र में संचालित डीजे बालों के साथ बैठक करके शासन की गाड़ी लाईन का पालन करते हुए डीजे संचालित करने हेतु दिशा निर्देश दिया उसी तारतम्य में आज उपथाना प्रभारी मोहर सिंह सिकरवार द्वारा घुवारा नगर सहित अपने कार्य क्षेत्र में संचालित डीजे बालों की बैठक बुलाई है उपथाना प्रभारी मोहर सिंह द्वारा सभी डीजे संचालकों से बात करते हुए कहा है वर्तमान समय में शादी समारोह चल रहे लोग बाग खुशी के चलते डीजे बैंड बांजे बचवाते है पर सभी को शासन की गाड़ी लाईन का पालन करते हुए रात्री 10 बजे तक ही डीजे संचालित करना अगर उसके बाद किसी के द्वारा डीजे संचालित किया गया या कानून के उल्लंघन किया गया तो उसको बक्सा नहीं जायेगा उसके ऊपर कार्यवाही की जायेगी।

### विवाह को यादगार बनाने हेलीकॉप्टर से कराई दुल्हन की विदाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिले के हरपालपुर कस्बे में एक युवक ने अपने विवाह को यादगार बनाने के लिए दुल्हन की विदाई हेलीकॉप्टर से कराई है। अपनी शादी को यादगार बनाने के लिए लोग अक्सर नवाचार करते रहते हैं। मंगलवार को हरपालपुर नगर में भी कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला है। दरअसल अपने विवाह को यादगार बनाने के लिए एक दूल्हे ने हेलीकॉप्टर से विदाई कराई। हेलीकॉप्टर से अपनी ससुराल आई दुल्हन को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। जानकारी के मुताबिक हरपालपुर निवासी रमाकांत राजपूत के पुत्र वेदांत का विवाह उत्तरप्रदेश के हमीरपुर जनपद में मुस्करा गांव के रहने वाले जयेंद्र सिंह सिंह की बेटी हिमानी राजपूत के साथ संपन्न हुआ है। वेदांत ने हेलीकॉप्टर से विदाई कराने की तैयार की थी। मंगलवार की सुबह वेदांत अपनी दुल्हन हिमानी के साथ हेलीकॉप्टर से हरपालपुर पहुंचा, तो उन्हें देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग वहां पहुंचकर जमा हो गए। यह अनूठी विदाई नगर सहित आसपास चर्चा का विषय बनी है।

महाशिवरात्रि पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते है नीलकंठेश्वर महादेव के दर्शन करने

# 26 को लगेगा मेला, कलेक्टर-एसपी ने देखीं व्यवस्थाएं, जनप्रतिनिधियों से की चर्चा





**गंजबासौदा, देशबन्धु।** तहसील मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित उदयपुर के नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर लगने वाले मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बुधवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने पहुंचकर व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया और जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ चर्चा की। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर मंदिर की साज सज्जा भव्य होनी चाहिए। जिससे उदयपुर की गूंज प्रदेश स्तर तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर भोले के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन करने व पूजा अर्चना के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधाएं ना हो, इसके लिए कलेक्टर ने विभागों के लिए निर्देश जारी किए। इस बैठक में नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, बासौदा जनपद पंचायत की अध्यक्ष नीतू रघुवंशी, समेत अन्य जनप्रतिनिधि, पुलिस अधीक्षक के अलावा विभिन्न विभागों के जिला व अनुविभाग स्तरीय अधिकारी, मेला व मंदिर परिसर समिति के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने महाशिवरात्रि पर्व पर पूर्व वर्षो में किए जाने वाले प्रबंधों की जानकारी लेने के उपरांत स्थानीय नागरिकों से नवीन सुझाव लेकर कहा कि हम सबका एक ही ध्येय है कि महाशिवरात्रि पर्व पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को मंदिर में पूजा अर्चना व दर्शन लाभ प्राप्ति में किसी भी प्रकार की असुविधाओं का सामना ना करना पड़े। इसके लिए किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में जो जनहितैषी सुझाव प्राप्त हुए है उन पर अमल किया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व के पहले सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाए और उनकी वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर भी ध्यान रखा जाए।

पूर्व वर्षो की कमियों को दूर करते हुए इस वर्ष पहले से अधिक सुविधाएं श्रद्धालुओं को मिलें। वाहनों की पार्किंग के लिए मंदिर के आसपास चार स्थान तय किए गए हैं। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने बताया कि खेतों में फसल होने के कारण इस बार पार्किंग नदी किनारे बनाई जाएगी। वाहनों को क्रमबद्ध तरीके से खड़ा किया जाएगा। एसडीएम विजय राय ने कलेक्टर को जानकारी दी कि महाशिवरात्रि पर करीब डेढ़ लाख श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं।

भीड़ प्रबंधन के लिए मंदिर परिसर में बैरिकेडिंग की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और मेडिकल टीम भी मौजूद रहेगी। विदिशा कलेक्टर और एसपी उदयपुर से वापस आने के बाद गंजबासौदा रेलवे स्टेशन पहुंचे और प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं के कारण रेलवे स्टेशन पर हो रही भीड़ को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए।

# डिवाइडर से टकराई जीप, हुई क्षतिग्रस्त



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** बीती रात्रि को जयस्तंभ चौराहे पर बिजली कार्यालय के सामने करीब 1 बजे एक तेज रफ्तार बुलेरो जीप डिवाइडर से टकरा गई। बुलेरो जीप की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अगला हिस्सा डिवाइडर पर चढ़ गया और जीप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। साथ ही डिवाइडर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

बताया जाता है कि जीप में बैठे लोगों को मामूली चोटें आई है। घटना के बाद ट्रैक्टर की मदद से जीप को डिवाइडर से हटाकर सडक् किनारे करवा दिया गया था। ज्ञात हो कि बिजली कार्यालय के सामने बरेठ रोड पर करीब 50 फिट लंबा डिवाइडर बना हुआ है। इस डिवाइडर पर न तो सुरक्षा के लिए रेलिंग लगी है और न ही रेडियम पट्टी। यह डिवाइडर रात के समय में दिखाई न देने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। स्थानीय नागरिकों की मांग है कि डिवाइडर पर रेडियम पट्टी लगाई जाए। इससे रात में वाहन चालकों को डिवाइडर की जानकारी मिल सकेगी और हादसों से बचा जा सकेगा।

### दोपहर 2 से 5 तक रहेगी बिजली गुल

**सिरोंज, देशबन्धु।** कार्यालय सहायक यंत्री मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के एई सुशील समेले ने प्रेस नोट जारी करते हुए बताया कि 33/11 केव्ही उपकेंद्र सिरोंज से निकलने वाले 11 केव्ही हाजीपुर फीडर का दिनांक 20 2 2025 दिन गुरुवार को रखरखाव कार्य किया जाना है। जिस कारण 11 केव्ही हाजीपुर फीडर की सप्लाई दोपहर 2 बजे से लेकर 5 बजे तक बंद रहेगी इस कारण से हाजीपुर बजरिया रैदास पथ नयापुरा चपाती पालीवाल कॉलोनी बेगम बाग मंडी रोड इत्यादि क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

## कर वसूली करने किया शिविर का आयोजन



**सिरोंज, देशबन्धु।** वार्ड नंबर तीन में शालीमार गार्डन के पास नगर पालिका द्वारा संपत्ति कर, शिक्षा कर, जलकर आदि करो की वसूली के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल राशि 80 हजार रुपए की कर वसूली की गई। नगर पालिका ने लोगों से अनुरोध किया है कि वार्डवार कैंप या कार्यालय में उपस्थित होकर बिल प्राप्त कर बकाया कर राशि जमा करते हुए विकास में अपना योगदान प्रदान करें। यदि समय सीमा में जलकर न जमा करने की दशा में नल के कनेक्शन को काट दिया जावेगा।

### नपा ने अतिक्रमण करने वालों पर की कार्रवाई



**सिरोंज, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषदद्वारा अतिक्रमण हटाने चालानी कार्रवाई करते हुए 12 अस्थाई अतिक्रमणकारियों की रसीद काट कर 2400 रुपए की वसूली की गई। जिसमें अतिक्रमणकारियों को आगे से अतिक्रमण पूर्ण रूप से हटाए जाने की हिदायत दी गई। निकाय द्वारा आगामी कार्रवाई में मुख्य सड़क पर करने वाले अतिक्रमण में पाए जाने वाली सामग्री जप्त करने की कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा पार्षद आए ठेकेदार के विरोध में, नपा से ब्लैक लिस्ट करने की मांग



**सिरोंज, देशबनधु।** बुधवार को वार्ड नंबर 5 के पार्षद अजमल शेर खान ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली एवं नगर के विकास कार्य में रोढ़ा बन रहे ठेकेदार के विरुद्ध नगरपालिका की सीढ़ियों पर मौन बैठकर विरोध जताया। सीढ़ियों पर अजमल शेर खान को बैठा देख कर वार्ड नंबर 7 के पार्षद प्रतिनिधि गुडडू यादव ने भी प्रदर्शन में साथ दिया।

जब इस प्रदर्शन की खबर नगरपालिका सीएमओ रामप्रकाश साहू को लगी तो वह भी यहां पहुंच गए। सीएमओ साहू ने प्रदर्शन कर रहे पार्षद को आश्वासन दिया की उक्त को अंतिम नोटिस तीन दिनों का दिया जाएगा अगर ठेकेदार अनुबंध कर निर्माण कार्य शुरू करता तो उस ठेकेदार का ठेका निरस्त कर ब्लेक लिस्ट की भी करवाई की जा सकती है। उसके बाद ही जो पार्षद मौन प्रर्दशन कर रहे थे उन पार्षदों ने सीएमओ को एक आवेदन दिया। जिसमें कहा कि डायमंड कंस्ट्रक्शन प्रमुख गजेन्द्र सिंह चौहान को नगरपालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 5 का रोड एवं नगर के अन्य कार्य के लिए तीन-चार बार कार्य का अनुबंध करने के एवं निर्माण कार्य चालू करने के संबंध में नोटिस भी दिया जा चुका है, रोड निर्माण कार्य चालू करने के संबंध में आपके द्वारा मौखिक रूप से आदेश भी दिया जा चुका है।

कई बार वार्ड 5 के अहिल्या बाई मार्ग के रोड निर्माण के संबंध में कहा जा चुका है, लेकिन कार्य आज तक प्रारंभ नहीं किया गया है। उक्त निर्माण कार्य का ठेका निरस्त कर डायमंड कंस्ट्रक्शन को सिरोंज नगरपालिका कार्यो के लिए ब्लेक लिस्ट किया जाये जिससे निर्माण कार्य ऐजेंसियां नगर के विकास में रोढ़ा न बन सके।

## बुंदेलखंड में बदला सब्जी की खेती का तरीका, फ्रूट फॉरेस्ट पार्क में उगाई लाल मूली



**छतरपुर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड में सब्जी की खेती का तरीका बदल रहा है, यहां कई तरह के नवाचार किए जा रहे हैं। छतरपुर शहर के देरी रोड पर लगभग 12 एकड़ बंजर शासकीय भूमि फ्रूट फॉरेस्ट पार्क विकसित किया गया था। अब वहां लाल मूली, शकजम व अन्य सब्जियां उगाकर किसान मुनाफ कमा रहे हैं।

अतिक्रमणकारियों के कब्जे से छुड़ाई गई 12 एकड़ बंजर जमीन अब फल और ऑर्गेनिक वेजिटेबल फॉरेस्ट के रूप में विकसित हो चुकी है। किसान भगवत कुशवाहा ने बताया करीब आधा एकड़ जमीन में मैथी, मटर, पालक, पत्तागोभी, टमाटर, मिर्च, गाजर, शलजम, मूली और चुकंदर जैसी जैविक सब्जियां उगाई जा रही हैं। इसके अलावा लाल मूली का उत्पादन खास है। जिसके बीज हिमाचल से लाकर बोए हैं। बाकी जमीन पर अनेक राज्यों से मंगवाए गए फलदार पौधे भी अब वृक्ष का रूप ले चुके हैं, जिनमें फल भी लगने लगे हैं। इस फ्रूट फॉरेस्ट की देख-रेख का जिम्मा छतरपुर के खनिज अधिकारी अमित मिश्रा संभाल रहे हैं।

किसान बताते हैं कि लाल मूली में फाइबर की मात्रा ज्यादा होने से पाचन तंत्र बेहतर होता है। यह रक्त को शुद्ध करने में सहायक। त्वचा पर चमक आती है और वजन घटाने में मददगार, शरीर को फिट रखने के लिए लाभकारी है। लाल मूली में पोटैशियम की अच्छी मात्रा होती है, जो रक्तचाप को नियंत्रित करता है तथा हृदय रोगों के खतरे को कम करता है। इसके सेवन से बालों में चमक आने की संभावना भी होती है।

# मनाया भगवान सुपार्स्वनाथ स्वामी का निर्वाण महोत्सव



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** स्थानीय श्री शांतिनाथ जिनालय का 18 वा स्थापना दिवस बड़े ही भक्ति भाव के साथ मनाया गया। जिसमे नगर में श्री जी की शोभा यात्रा भी निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पर पहुंची। शोभा यात्रा में सेवादल अपने अपने दिव्य घोषों के साथ श्री जी के आगे आंगे चल रहे थे, सेवादल के पीछे महिला मंडल अपनी अपनी प्रस्तुतियां देती नजर आई। वहीं रजत विमान में विराजमान भगवान शांतिनाथ स्वामी जी के जिन बिंब को विराजमान कर शोभा यात्रा को शोभायमान किया गया। स्थानीय श्री शांतिनाथ जिनालय परिसर में पाठशाला के बच्चों द्वारा धार्मिक प्रस्तुतियां भी दी गई। वहीं चल समारोह के उपरांत आयोजन स्थल पर भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा भी की गई। संगीतमय पूजन के उपरांत भगवान सुपार्श्वनाथ स्वामी का निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य उपस्थित जन समुदाय को प्राप्त हुआ।

## हरपालपुर के बीमार अस्पताल को इलाज की दरकार, जिम्मेदार मौन





**हरपालपुर, देशबन्धु।** यहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के बुरे हाल हैं। सुबह से ओपीडी में ड्यूटी पर डाक्टर नहीं आते हैं। स्टाफ मनमानी से काम करता है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता है। सही मायने में यहां के बीमार अस्पताल को ही इलाज की दरकार है।

प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को समय से इलाज न मिलने से परेशानी का सामना करना पडता है। घंटों तक इंतजार के बावजूद डाक्टर के न मिलने से मरीजों का मायूस होकर लौटना पडता है। कई मरीजों ने डाक्टरों पर ड्यूटी से गायब रहने और कर्मचारी व नर्सों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

एक तरह मुख्यमंत्री डा मोहन यादव लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं वहीं हरपालपुर के अस्पताल में मनमानी व लापरवाही चरम पर होने से उनके सारे प्रयासों को पलीता लगाया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को सुबह 11 बजे तक डाक्टर अपनी ड्यूटी पर नहीं आए थे। स्टाफ से जब डॉक्टर के आने या न आने के बारे में पूंछा तो कोई जानकारी नहीं दी गई। एक कर्मचारी ने दबी जुबान में बताया कि साहब छुट्टी पर हैं। ऐसे में स्वास्थ्य व्यवस्था गड़बड़ा गई है। मरीजों ने बताया अस्पताल में डाक्टर साहब कभी कभी मिलते हैं। अस्पताल से दवाएं न देकर पर्चे में जो दवाएं लिखी जाती हैं वे बाहर खुल मेडीकल स्टोरों से मंहगे दामों में खरीदना पड़ती हैं। ऐसे में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**महिला डाक्टर न होने से महिला रोगी परेशान :** हरपालपुर के सरकारी अस्पताल में महिला डाक्टर न न होने से गर्भवती व अन्य रोगी महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी होती है। प्रसूताओं ने बताया कि वे न अपनी समस्या खुलकर बता पाती हैं न सही इलाज हो पाता है।

उन्हें इलाज के लिए नौगांव या छतरपुर तक जाना पड़ता है। अकसर स्टाफ नर्स के भरोसे ही प्रसव करवाया जाता है। मौसमी बीमारी वाले मरीज सहित गर्भवती महिलाओ को इलाज के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है।

# बुंदेली उत्सव : मंच पर गूंजे बनरे, लमटेरा, बधाई, काछियाई लोकगीत



*__छतरपुर, देशबन्धु।__ बुंदेली विकास संस्थान द्वारा बसारी के राव बहादुर सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जा रहे बुंदेली उत्सव के 26वें संस्करण के चौथे दिन से सांध्यकालीन मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ हो चुके हैं।*

*बीती शाम बुंदेली उत्सव के मंच पर बुंदेली गीत बधाई, काछियाई, कहरवा, गारी, बनरे, लमटेरा, ख्याल और बुन्देली कीर्तनों की प्रस्तुति हुई। वहीं बुन्देली पोशाक का प्रदर्शन आकर्षण का केन्द्र रहा। बुन्देली रंगमंच समूह द्वारा बधाई गीतों की प्रस्तुति दी। बसारी के भगवानदास कुशवाहा ने कछियाई गीत प्रस्तुत किए। बुन्देली पोशाक का प्रदर्शन गरिमा चतुर्वेदी और अंशिका चतुर्वेदी बसारी ने किया। हररसागर धाम बसारी की टीम ने बुन्देली कीर्तन, सपना रंगमंच बसारी और छतरपुर आकाशवाणी के कलाकार राम सिंह राय ने कहरवा, बेटीबाई व सखियां, मथ्थीबाई व सखियां, नीलम तिवारी और कविता शर्मा ने बुन्देली गारी गीतों की प्रस्तुतियां दीं। बजरंग मंडल बसारी और नीलम तिवारी ने बनरे गीत, सपना रंगमंच बसारी और रामसिंह राय द्वारा लमटेरा, कालीचरण द्वारा ख्याल की प्रस्तुतियां दी गईं। सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र बुंदेली गायक कविता शर्मा द्वारा गाए बुंदेली गीत रहे। बताया गया है इस वर्ष प्रिंट और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो पत्रकारों का सम्मान किया जाना है। इसके लिए प्रिंट मीडिया में उत्कृष्ट कार्य कर रहे वरिष्ठ पत्रकार कल्याण सिंह चौहान और इलैक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार जीतेंद्र रिछारिया को गुरुवार की पं हरिराम मिश्र स्मृति सम्मान-2025 से सम्मानित किया जाएगा।*

### आकर्षण का केंद्र रही अश्व नृत्य प्रतियोगिता

आयोजन में अश्व नृत्य प्रतियोगिता खास रही। 20 कलाकारों ने अपने अश्वों को सजाकर नृत्य प्रतियोगिता में भाग लिया। इसके अलावा घोड़ों की साज-सज्जा और घुड़सवारों की साज-सज्जा के लिए भी पुरस्कार दिए गए। अश्व नृत्य प्रतियोगिता में कटरा के मुन्नालाल यादव ने पहला स्थान हासिल किया। उन्हें 4100 रुपए की नगद राशि प्रदान की गई। गंज के अर्जुन पाल दूसरे और गढ़ा के उत्तम सेन तीसरे स्थान पर रहे। घोड़े की साज-सज्जा और घुड़सवार की साज-सज्जा में अर्जुन ने पहला स्थान हासिल किया। श्यामलाल दूसरे स्थान पर और बिहारी पाल को तीसरा स्थान मिला। बुधवार को ही बुंदेली व्यंजन प्रतियोगिता हुई, जिसमें विभिन्न प्रकार के बुंदेली व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## अंधे पिता का फायदा उठाकर विकलांग भाई-बहनों की 6 एकड़ जमीन हड़पी



**बैतूल, देशबन्धु।** आमला तहसील क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मालेगांव में पारिवारिक जालसाजी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां सगे भाई ने अपने अंधे पिता की कमजोरी का फायदा उठाकर अपने ही विकलांग भाई और दो बहनों को बेदखल कर दिया। इस अन्याय के खिलाफ संतोष पाल ने कलेक्टर जनसुनवाई में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। संतोष पाल ने बताया कि उनका भाई रघुराज पाल चालाकी से उनके पिता की सारी संपत्ति अपने नाम करवा चुका है। छह एकड़ जमीन, जो पिता की थी और सभी भाई-बहनों की हकदारी थी, वह अब पूरी तरह से रघुराज पाल के कब्जे में है। इतना ही नहीं, रघुराज पाल ने संतोष पाल से 1,21,000 रुपये उधार लिए थे, लेकिन वह पैसे भी वापस नहीं किए। जब भी संतोष पाल अपने हक की जमीन या पैसे मांगने के लिए जाता है, तो उसके साथ मारपीट की जाती है और धमकाया जाता है।

संतोष पाल ने बताया कि वह विकलांग है और इस वजह से अपनी जमीन के लिए लड़ाई लड़ना उसके लिए और भी मुश्किल हो गया है। उसके पास रहने के लिए अपनी कोई जमीन नहीं बची है और वह न्याय की आस में भटक रहा है। कलेक्टर जनसुनवाई में दिए गए आवेदन में संतोष पाल ने मांग की है कि उसे उसका हक दिलाया जाए और भाई द्वारा किए गए इस अन्याय पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## विदाई समारोह में छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति




**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कौड़िया में बुधवार को 5वी और 8वीं के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंगीलाल मेश्राम, एमएस अध्यक्ष दिनेश बड़ोदे, पूर्व एसएमसी अध्यक्ष लतीफ मेश्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किए। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें विद्यार्थियों ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रंगीलाल मेश्राम ने विद्यार्थियों को जीवन में सावधानीपूर्वक आगे बढ़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि जीवन का हर पल महत्वपूर्ण होता है। छात्रों को अपनी बुद्धि और शक्ति का सही प्रयोग करते हुए परिवार, समाज और देश के विकास में योगदान देना चाहिए। हाई स्कूल प्राचार्य दसन मर्सकोले ने कहा कि स्कूल विद्या का आंगन है, जहां हर छात्र एक-दूसरे का सहपाठी होता है। उन्होंने सीनियर छात्रों से आग्रह किया कि वे अपने अनुभव जूनियर्स के साथ साझा करें। प्राचार्य ने बताया कि नृत्य और भाषण प्रतियोगिता में स्कूल के 37 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान साला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मेश्राम ने विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री वितरित की। समारोह में गणेश लोखंडे, प्रधान पाठक धनराज बेले, शिक्षक रमेश सलामे, यामिनी मालवी, शिक्षिका प्रियंका मगरदे शिक्षिका सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन 23 को

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वाधान एवं चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल के सहयोग से 23 फरवरी रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुलताई में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक सुपर स्पेशलिटी विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। प्रहलाद साहू एवं गोपाल साहू ने बताया कि इस शिविर में कैंसर रोग, हड्डी रोग,स्त्री रोग, छाती एवं श्वास रोग, शिशु रोग, कृत्रिम गर्भाधान से गर्भधारण, नाक कान गला रोग, सर्जरी, चर्म रोग, मानसिक रोग, नेत्र रोग मोतियाबिंद, दंत रोग, हृदय रोग, मूक बधिर बच्चों की जांच केअलावा अन्य रोगों की जांच एवं उपचार के साथ ऑपरेशन किए जाएंगे। इस शिविर में डिजिटल एक्स रे, ईको, इसीजी, आंखों की जांच डायबिटीज की जांच भी किए जाएंगे। आयोजन समिति के महेश नायक, अजय जीतपुरे, गोविंद सोनू साहू, संजय साहू, प्रकाश साहू, महेश साहू, गुलशन बंजारे, संजय भद्रे, राजू बसंतपुरी, अजय साहू ने जिलेवासियों से स्वास्थ्य मेले का लाभ लेने का आग्रह किया है।

# क्षत्रिय मराठा समाज ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी की जयंती



**बैतूल, देशबन्धु।** छत्रपति शिवाजी महाराज की 395वीं जयंती के अवसर पर 19 फरवरी को जिला क्षत्रिय मराठा समाज बैतूल द्वारा भव्य शोभायात्रा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिला संयोजक नागोराव जगताप ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः शिवाजी चौक पर छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण से हुई। इसके बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो शिवाजी चौक से दिलबहार चौक, कांतिशिवा चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल राधा कृष्ण धर्मशाला, गंज बैतूल में संपन्न हुई। धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, पूर्व विधायक निलय डागा एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ल द्वारा किया गया। बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने अपने संबोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रेरणादायक जीवन पर प्रकाश डाला। पूर्व विधायक निलय डागा ने उनके शौर्य और वीरता का वर्णन किया। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल मराठा समाज ही नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने सामाजिक बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि समाज को बच्चों को बचपन से ही अपनी संस्कृति, धर्म और राष्ट्र नायकों के शौर्य से परिचित कराना चाहिए, और यह कार्य सामाजिक संगठन ही कर सकते हैं। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने डांस, गीत एवं कविता पाठ जैसी शानदार प्रस्तुतियां दीं। इसके साथ ही समाज द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया।मंच द्वारा समाज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। कार्यक्रम का संचालन योगेश्वर गायकवाड और संदेश खलतकर ने किया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गजेंद्र खलतकर, कार्यक्रम संयोजक यशवंत जेधे, शैलेश्वर गायकवाड, किशोर कुमार झेंडे, विक्की शिंदे, अशोक वाघमोडे, प्रवीण कदम, अश्विनी आवठे, सौरभ जाचक, मोंटी तावरे, सुनिल जेधे, अशोक देवकते, राजेश कड़म्बे, वैभव काले, आशीष मुलक, यश जेधे, अजय दाभाडे, हेमलता जगताप, उषा झेंडे, हेमा गायकवाड, जया दाभाड़े, दीपा जाधव, कामिनी शिंदे, प्रविणा खलतकर, रागिनी गायकवाड, स्वाती शिंदे, रोशनी खलतकर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं करने पर 5 अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने राजस्व प्रकरणों को लंबित रखने वाले अधिकारियों पर लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के तहत जुर्माना लगाया है। सीमांकन और नामांतरण के प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण नहीं किए जाने पर राजस्व विभाग के 5 अधिकारियों से कुल 13 हजार 250 रुपए की राशि वसूल की जाएगी। अधिरोपित जुर्माना राशि का भुगतान प्रतिकर के रूप में संबंधित आवेदकों को किया जाएगा। जानकारी के अनुसार भैंसदेही तहसीलदार भगवानदास कुमरे द्वारा 2 आवेदन लंबित रखे जाने पर 5500 की राशि जमाने के रूप में अधिरोपित की गई है।

## शिवसेना और दुकानदार संघ ने मनाया शिवाजी महाराज का जन्मोत्सव



**बैतूल, देशबन्धु।** शिवाजी महाराज के जन्मोत्सव पर शिवसेना और कोठी बाजार के गुमठी एवं दुकानदार संघ ने शिवाजी चौक पर एकजुट होकर भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख प्रदीप जायसवाल ने शिवाजी महाराज के जीवन परिचय पर विस्तार से चर्चा की और उनके महान कार्यों को सभी के समक्ष रखा।

शिवसेना कार्यकर्ताओं और दुकानदार संघ ने शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के आदर्शों और उनकी नीतियों को आत्मसात करने पर जोर दिया। शिवसेना कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे समाज में राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करते रहेंगे। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रमुख प्रदीप जायसवाल ने कहा कि शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किले में हुआ था। वे मराठा साम्राज्य के संस्थापक और भारतीय इतिहास के महान योद्धा थे। उन्होंने अपनी कूटनीति, प्रशासनिक क्षमता, युद्ध कौशल, और अपने आदर्शों से भारत को गौरवान्वित किया। उन्होंने हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के लिए अनगिनत संघर्ष किए और मुगलों से अपने राज्य की रक्षा की। उनके नेतृत्व में मराठों ने कई प्रमुख किलों और क्षेत्रों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन हमें प्रेरणा देता है। उनका मानना था कि स्वराज्य ही सबसे बड़ा धर्म है और सच्चे राजा का कर्तव्य अपने प्रजाओं का पालन करना है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रभक्ति के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की और शिवाजी महाराज के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कमल, अमित, विशाल विश्वकर्मा, मनीष मालवीय, गोपी, नाजिम, नादिर अली छोटे, राजू,तरुण जैन प्रमोद राठौर मुकेश, जयसिंग, और भी शिवसेना पदाधिकारी कार्य करता एवं गुमठी संघ के सदस्य मौजूद रहे।

## टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में दमोह और आमला का रहा जलवा



**बैतूल, देशबन्धु।** स्व.रामाधार मालवीय की स्मृति में समीर खान फैंस क्लब द्वारा आयोजित टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के आठवें दिन 19 फरवरी को तीन रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहला मैच एशिया क्रिकेट क्लब घोगरी सारणी और मोनिश 11 दमोह के बीच हुआ। टॉस जीतकर घोगरी सारणी ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मोनिश 11 दमोह ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 145 रन बनाए। जवाब में घोगरी सारणी की पूरी टीम सिर्फ 55 रनों पर सिमट गई और 90 रनों से करारी हार झेलनी पड़ी। इस मैच में जय सिंह को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरा मुकाबला वीजे वॉरियर डॉन आमला और मोनू चौहान फैंस क्लब के बीच खेला गया। टॉस जीतकर मोनू चौहान फैंस क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। वीजे वॉरियर डॉन आमला ने निर्धारित ओवरों में 9 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जवाब में मोनू चौहान फैंस क्लब 8 विकेट खोकर 105 रन ही बना सका और 47 रनों से मैच हार गया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच कृष्णा रहे। तीसरा मुकाबला वीजे वॉरियर डॉन आमला और मोनिश 11 दमोह के बीच खेला गया। डॉन आमला ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की, लेकिन उनकी टीम सिर्फ 87 रनों पर ऑल आउट हो गई। मोनिश 11 दमोह ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 5 विकेट खोकर जीत दर्ज की। इस मैच में अनिकेत ठाकुर को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिला। आयोजन समिति के सुनील मालवीय और अमजद पठान ने जानकारी दी कि मैच के दौरान नगर पालिका अधिकारी सतीश मटसेनिया, जैद खान, बृजेश खानोदकर, रशीद खान, निलेश धुर्वे, गन्नी भाई, सन्नी मालवीय और महेंद्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुकाबलों में मुख्य स्कोरर कार्तिक साहू और दुर्गादास सोनारे थे, जबकि संदीप बुंदेला ने शानदार कमेंट्री की।

# दुकान आवंटन में अनियमितता का आरोप, रोक लगाने की मांग

### स्व सहायता समूह ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**बैतूल, देशबन्धु।** नगर पालिका द्वारा शिवाजी ऑडिटोरियम में स्व सहायता समूहों के लिए की जा रही दुकानों की आवंटन प्रक्रिया पर नगरीय स्व सहायता समूह समिति ने गंभीर आपत्ति जताई है। समिति सदस्यों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि इस प्रक्रिया में अनियमितताएं हो रही हैं और नियमों की अनदेखी की जा रही है।

समिति ने मांग की है कि जब कुल 13 दुकानें उपलब्ध हैं तो केवल 8 दुकानों का ही आवंटन क्यों किया जा रहा है? सभी 13 दुकानों का एक साथ आवंटन किया जाना चाहिए। इसके अलावा, 21 तारीख को खुलने वाले टेंडर की प्रक्रिया को रोकने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी सवाल उठाया गया है कि सभी 11 दुकानें केवल बैतूल नगर पालिका क्षेत्र के स्व सहायता समूहों के लिए ही आरक्षित क्यों नहीं की गई हैं और ग्रामीण समूहों को मौका क्यों नहीं दिया जा रहा है। महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों ने यह भी मांग रखी कि शहर में जो पार्क ठेके पर रखरखाव के लिए दिए जा रहे हैं, उनमें महिला स्व सहायता समूह को ही प्राथमिकता दी जाए। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि नगर पालिका को इस मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए और सभी स्व सहायता समूहों को समान अवसर प्रदान करना चाहिए। कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में समिति की सदस्य नंदनी तिवारी, मीना जेधे, प्रमिला कामतकर, लता शास्त्री, प्रीति अहिरवार, दीपा सोनपुरे, राखी गुर्जर, अलका खंडागरे, शीतल कामतकर, पूनम सोनपुरे, रेखा लहरपुरे, सरिता धुर्वे, अर्चना साहू, रेखा अहिरवार, मीना कावड़कर, प्रीति अहिरवार, अर्चना गोले, ममता गोले, बरखा देशमुख, ममता प्रजापति, ज्योति गोले, कंचन ललित साहू, माधुरी, चंद्रकला बाली, प्रमिला, उषा, सरोज, कंचन, शांतिबाई, ज्योति, गायत्री, सोनाली, संध्या, सुनीता, ललित, महिमा, दुर्गा, अनीता, संगीता, माया, सुकून, आरती, गंगा, अंजनी, रुखसाना, श्यामवती, अनीता, पुष्पा, दीपिका, कांति, शांति, सुनीता, भारती, लता, सरिता, सुषमा, शारदा, सरिता, रेखा, संगीता, लता, दीपिका, लक्ष्मी, कामिनी, संगीता, कविता, सुनीता, योगिता, ज्योति, प्रेमलता, ज्योति, मनीषा, सरिता, उमा, रीना, सरोज, सुनीता, ललित और शोभा शामिल थीं।

# करोड़ों रुपये का भुगतान रोक कर सम्मान निधि के नाम पर किसानों को किया जा रहा गुमराह: सोनी



**बैतूल, देशबन्धु।** समर्थन मूल्य पर खरीदी के एक माह बाद भी जिले के किसानों को 38 करोड़ रुपये की राशि नहीं मिली है। इस देरी से किसानों के घरों में होने वाली शादियां रुक गई हैं, कई किसान अपना इलाज नहीं करवा पा रहे, और रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भी संघर्ष कर रहे हैं। यह तो एक ही जिले का मामला है पूरे मध्य प्रदेश में लगभग 437 करोड़ रु किसानों का भुगतान अटका हुआ है।

इस मामले में कांग्रेस सेवादल के ब्लॉक अध्यक्ष गोलू सोनी ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की खून-पसीने की कमाई को नजरअंदाज कर रही है। एक तरफ करोड़ों रुपये का भुगतान रोक दिया गया है। दूसरी तरफ सम्मान निधि के नाम पर किसानों को गुमराह किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान की बेटी की शादी पैसों के अभाव में नहीं हो पाती या किसी बुजुर्ग किसान को समय पर इलाज नहीं मिल पाता और उसकी जान चली जाती है, तो इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से सरकार की होगी। किसानों की सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनकी उपज की बिक्री के बाद भी उन्हें भुगतान नहीं मिल रहा। समर्थन मूल्य पर खरीदी के बाद सरकार को 2 दिन में भुगतान करना चाहिए, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी पैसे नहीं आए। किसानों का कहना है कि अगर समय पर पैसा नहीं मिलेगा, तो उनकी पूरी मेहनत बर्बाद हो जाएगी।

सोनी ने आरोप लगाया कि सरकार सिर्फ टैक्स वसूलने में लगी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश देश का सबसे पिछड़ा प्रदेश बनता जा रहा है, जहां आरटीओ, राजस्व, खनिज और आबकारी विभाग सबसे ज्यादा टैक्स वसूल रहा है, फिर भी सरकार लगातार कर्ज में डूबी हुई है। उन्होंने कहा कि किसान मंडी तक अपनी उपज पहुंचाने के लिए दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन जब भुगतान की बारी आती है, तो उसे ठगा जाता है। सोनी ने कहा कि 2014 के बाद से मध्यप्रदेश में सबसे ज्यादा टैक्स वसूला जा रहा है, फिर भी प्रदेश का विकास ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का हर नागरिक सरकारी कर्ज में डूबा हुआ है और जब सरकार खुद कर्ज में डूबी हो, तो किसानों को समय पर भुगतान कैसे मिलेगा? उन्होंने सरकार से तुरंत भुगतान जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि भुगतान में देरी हुई, तो किसानों को मजबूरन आंदोलन करना पड़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार किसानों की अनदेखी बंद करे और तुरंत भुगतान करे, ताकि किसान अपनी बुनियादी जरूरतें पूरी कर सकें और प्रदेश का अन्नदाता फिर से खेती में जुट सके।

## निरोगी काया अभियान आज से

**बैतूल, देशबन्धु।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज 20 फरवरी से जिले में निरोगी काया अभियान प्रारंभ किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.रविकांत उईके ने बताया कि यह अभियान आगामी 31 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। अभियान में 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों का मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं एनएएफएलडी (नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर) की 100 प्रतिशत स्क्रीनिंग एवं रीस्क्रीनिंग की जाएगी। अर्थात तीन बड़ी बीमारियों, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर और लीवर में फैट की स्थिति देखी जायेगी। अभियान के तहत जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक पर हेल्थ केम्प लगाए जाएंगे। आशा कार्यकर्ता और एएनएम घर-घर जाकर 30 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर आने के लिये प्रेरित करेंगी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्वास्थ्य संस्थाओं में उनकी स्क्रीनिंग और रीस्क्रीनिंग की जाएगी। मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप के चिन्हित हितग्राहियों को प्रथम बार में निशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर जांच निःशुल्क होगी और रिपोर्ट तुरंत प्राप्त होगी।

## वन विभाग के अधिकारियों ने आदिवासी के साथ बेरहमी से की पिटाई



### सामाजिक संगठनों ने 5 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**बैतूल, देशबन्धु।** भीमपुर विकासखंड में आदिवासी समुदाय पर हो रहे अत्याचारों की एक और घटना सामने आई है। ग्राम पंचायत चिकली बक्का में वन विभाग कर्मचारियों और चौकीदार द्वारा तुकाराम सेलुकर को घर से घसीटकर बेरहमी से पीटा गया। पीड़ित का आरोप है कि वन विभाग चौकीदार काड़मा सेलुकर ने अन्य वन कर्मियों को बुलाकर तुकाराम को जबरन घर से निकाला और गाली-गलौज करते हुए लाठियों, पाइप और मुक्कों से बुरी तरह मारा।

घटना 8 फरवरी को सुबह 11 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित तुकाराम के अनुसार, उसका अपने भाई फाड़ना सेलुकर से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान काड़मा सेलुकर ने वन विभाग के अन्य कर्मचारियों को बुलाया, जिन्होंने तुकाराम को बुरी तरह पीटा। पीड़ित की पत्नी ने 9 फरवरी को अजाक थाना बैतूल में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

भीमपुर चौकी में भी शिकायत करने गई, लेकिन वहां भी पुलिस ने मामला दर्ज करने से इनकार कर दिया। उल्टा ग्रामीणों को धमकाया गया कि अगर वे शिकायत पर जोर देंगे तो उनके खिलाफ काउंटर केस दर्ज कर दिया जाएगा। पीड़ित तुकाराम को गंभीर चोटें आईं, जिसका इलाज पहले भीमपुर अस्पताल में हुआ और फिर बैतूल जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इसके बाद परिजनों को प्राइवेट डॉक्टर से इलाज करवाना पड़ा।

भीमपुर के सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि तुकाराम सेलुकर के साथ मारपीट करने वाले वन विभाग कर्मियों और अन्य आरोपियों तरुण यादव, शुभम राठौर, ओमप्रकाश धोटे, सुखमन यादव, लालमन पांसे और अन्य के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट, छेड़छाड़, धमकी और मारपीट की धाराओं में मामला दर्ज किया जाए। संगठनों की मांग है कि अगर 5 दिनों के भीतर एफआईआर दर्ज नहीं की जाती तो भीमपुर मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## जय भवानी -जय शिवाजी से गूंज उठा जम्बाडा ग्राम



**आमला देशबन्धु।** शिवाजी जयंती के अवसर पर आज ग्राम जम्बाड़ा की गली गली जय भवानी जय शिवाजी के नारे से गुंजायमान हो उठी। ग्राम जम्बाड़ा में शिवाजी जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में बैंड बाजा डी जे की धुन पर देशभक्ति गीतों ने शोभा यात्रा को और भावपूर्ण बना दिया। शोभा यात्रा ग्राम के युवा सरपंच रामचंद्र देशमुख के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा अंत में ग्राम में स्थित शिवाजी प्रतिमा के समक्ष पहुंची यहां पर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। बाद में सभी को प्रसादी का वितरण हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला पुरुष बच्चे आदि शामिल थे। सभी ने उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में सरपंच रामचंद्र देशमुख, धन्ना डोंगरे, अजेश चढ़ोकार, मयूर सराटकर, मोहित गव्हाड़े , धीरज अडलक, नारायण डोंगरे रामदयाल सोनी उपसरपंच दीपक वा, सचिव सरवन मर्सकोले, जीआरएस दौलत डेगे सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मिलित इकाई भीमपुर द्वारा विशेष शिविर का आयोजन

### बचत की सीख, सुनहरे भविष्य की नींव: धुन्डे



**बैतूल, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा योजना सम्मिलित इकाई भीमपुर के द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला आदर्श पिपरिया में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के तीसरे दिन बुधवार को विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। शिविर में सर्वप्रथम प्रातः योग अभ्यास के बाद ग्राम भ्रमण के साथ-साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान शासकीय शांति निकुंज नर्सरी के नागेंद्र शरणकर द्वारा लक्ष्मी तरु के 501 पौधे एनएसएस वालंटियर को गांव में रोपित करने के लिए प्रदान किए गए। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत सेबी से स्मार्ट ट्रेनर जितेंद्र धुन्डे, आशीष देशभरतार, शुभम रबड़े सेबी ने शेयर बाजार, एसआईपी, निवेश एवं सरकार की विभिन्न पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान सेबी के स्मार्ट ट्रेनर द्वारा वालंटियर्स को टी शर्ट भेंट की गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमपुर से उपस्थित सुमित मालवीय द्वारा सिकल सेल, एनीमिया बीमारी के लक्षण, बचाव के उपाय एवं अन्य जानकारी दी गई। चंद्रभान ददोरे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। परियोजना कार्य के तहत ईट भट्ठा स्थान का भ्रमण किया गया। ईंटे बनाने की प्रक्रिया को देखा साथ ही ईट भट्ठा पर कार्य कर रहे मजदूरों से बात की गई। उनका एजुकेशन एवं मिलने वाली सुविधाओं की बात की गई। इसके अलावा एकलव्य कब्बड्डी के डायरेक्टर सुजीत इवने, कोच सियाराम इवने, रविकुमार इवने द्वारा कबड्डी एवं विभिन्न खेलों की जानकारी दी गई। रात में शिविरार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी की गई।








































पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।